


हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 आज मनेगी रामनवमी | सम्पादकीय | संकल्प के सवाल | आज होगी मां सिद्धिदात्री की पूजा 5

वर्ष 21 ● अंक 355 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online मुरैना, बुधवार 17 अप्रैल 2024 email - hindustanexpressbhopal@Gmail.com, hindustanexpresshe@Gmail.com मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं: नरेन्द्र मोदी

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में पीएम मोदी ने ममता बनर्जी और टीएमसी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध से पूरा देश डरा हुआ है, क्योंकि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है।

मोदी ने कहा- टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीबों अपनी मर्जी के मुताबिक घूमने की आजादी नहीं हैं। लेकिन यह चुनाव उन्हें बताएगा कि बाबा साहेब अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित लोग और आदिवासी ञरूष्ट के



गुलाम नहीं हैं। टीएमसी, जिसने आदिवासी महिलाओं को घुटनों पर ला दिया है, जल्द ही घुटनों पर आ जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि टीएमसी ने बंगाल में रामनवमी समारोह का फिर विरोध किया था, लेकिन सच्चाई की जीत हुई। कलकत्ता हाईकोर्ट ने हावड़ा में जुलूस निकालने की परमिशन दे दी है।

मोदी ने कहा, टीएमसी को अब लग रहा है कि मोदी ने अब योजनाओं को हर गरीब के दरवाजे तक पहुंचाने की गारंटी दे दी है। मोदी की गारंटी से राज्य को लाभ मिलेगा, तो राज्य की जनता का विकास होगा और टीएमसी की दुकान बंद हो जाएगी, इसलिए झूठी खबरें फैला रहे हैं। लेकिन बंगाल की जनता मेरी गारंटी से वाकिफ है।

## बैलट पेपर पर लौटने से भी कई नुकसान - सुप्रीम कोर्ट

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** चुनाव में ईवीएम की जगह मतपत्रों के उपयोग को लेकर जारी चर्चाओं के बीच मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बैलट पेपर पर लौटने से भी कई नुकसान हैं. सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना ने श्वङ्क्रू को हटाने की याचिका के पक्ष में अपनी बात रख रहे प्रशांत भूषण से पूछा कि अब आप क्या चाहते हैं? प्रशांत भूषण ने कहा कि पहला बैलेट पेपर पर वापस जाएं . दूसरा फिलहाल 100 फीसदी ङ्कङ्कक्ष मिलान हो। अदालत ने कहा कि देश में 98 करोड़ वोटर हैं. आप चाहते हैं कि 60 करोड़ वोटों की गिनती हो. प्रशांत भूषण ने कहा कि बैलेट से वोट देने का अधिकार दिया जा सकता है या वीवीपैट मे जो पर्ची है उसे मतदाताओं को दिया जाए.



जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि सामान्यतः मानवीय हस्तक्षेप से समस्याएं उत्पन्न होती हैं. समस्या तब पैदा होती है जब मानवीय हस्तक्षेप होता है या जब वे सॉफ्टवेयर या मशीन मे अनधिकृत परिवर्तन करते हैं. यदि आपके पास इसे रोकने के लिए कोई सुझाव है, तो आप हमें दे सकते हैं.

**प्रशांत भूषण ने क्या कहा**

प्रशांत भूषण ने वीवीपैट की पर्ची मतदाताओं को देने की मांग के साथ कहा कि मतदाता उसे एक बैलेट बॉक्स मे डाल दे. अभी जो वीवीपैट है उसका बॉक्स ट्रांसपेरेंट नहीं है.सिर्फ सात सेकेंड के लिए पर्ची वोटर को दिखाई देती है.

वकील संजय हेगड़े ने मांग की कि ईवीएम पर पड़े वोटों का मिलान वीवीपीएटी पर्चियों से किया जाना चाहिए. जस्टिस खन्ना- क्या 60 करोड़ वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती होनी चाहिए? वकील गोपाल शंकर नारायण ने कहा कि चुनाव आयोग का कहना है कि सभी वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती में 12 दिन लगेंगे. एक वकील ने वोट देने के लिए बारकोड का सुझाव दिया. जस्टिस खन्ना ने कहा कि अगर आप किसी दुकान पर जाते हैं तो वहां बारकोड होता है. बारकोड से गिनती में मदद नहीं मिलेगी जब तक कि हर उम्मीदवार या पार्टी को बारकोड न दिया जाए और यह भी एक बहुत बड़ी समस्या होगी।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के पथ पर अग्रसर: नरेन्द्र सिंह तोमर








## हिंदू नववर्ष मिलन समारोह में शामिल हुए हजारों व्यापारी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** स्थानीय पंचायती धर्मशाला में हिन्दू नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मौजूद थे। इनके अलावा मुरैना-श्योपुर लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष डॉ. योगेश पाल गुप्ता, दैनिक हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, नवल सिंह शिवहरे संरक्षक शिवहरे समाज, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अम्बाह जिनेश जैन, व्यवसायी रमेश अग्रवाल बिड़ला जी, राकेश गर्ग अध्यक्ष अग्रवाल महासभा तुलसीदास सिंघल, अनिल गोयल अल्ली, संजय माहेश्वरी, मोहनचन्द्र बांदिल एडवोकेट, वरिष्ठ पत्रकार देवेश शर्मा, मुन्नालाल अग्रवाल, राजेन्द्र शिवहरे, राजेन्द्र गोयल रज्जो, श्री परमार सहित हजारों व्यापारी मौजूद थे।

कार्यकम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल अनेक मायनों में उल्लेखनीय है। आज हमारा देश समूचे विश्व में अपनी अलग पहचान बना चुका है। ऐसा कोई भी देश नहीं है जो हमारी अनदेखी कर सके। श्री तोमर ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ एक नए भारत की शुरूआत हो चुकी है। पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार का उद्देश्य देश में राम राज्य की स्थापना करना है। पीएम नरेन्द्र मोदी के राज में देश में भ्रष्टाचार पर चोट हुई और पैसा सरकारी खजाने में पहुंचने लगा। आज भारत तरक्की के पथ पर पंख लगाकर उड़ रहा है। विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि मोदी सरकार का सपना है कि देश में कोई गरीब न रहे और ना ही कोई भूखा सोए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के निर्माण के लिए बीते 500 सालों से संघर्ष चल रहा था। पीएम नरेन्द्र मोदी के हाथों में ताकत आई तो राम मंदिर का शिलान्यास और उद्घाटन भी हुआ। श्री तोमर ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कितना भी ताकतवर और विद्वान क्यों न हो, अगर वह अधर्म के साथ है तो उसकी विजय होना संभव नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के शासन में गरीबों को मकान, शौचालय की सुविधा मिली है। किसानों को सम्मान निधि के रूप में 12 हजार की राशि दी जा रही है। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से मप्र सरकार महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

### जनता के मध्य हमेशा उपलब्ध रहूंगा : शिवमंगल सिंह

मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार शिवमंगल सिंह तोमर ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप मेरे पक्ष में मतदान करें, मैं आपकी सेवा के लिए हमेशा तैयार रहूंगा। मेरी उपस्थिति आप लोगों के मध्य माह में 30 दिन रहेगी। मुझे पूरी आशा है कि मुझे व्यापारी वर्ग का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा ही व्यापारियों के हित में कार्य किए हैं। मैं भी इसी दिशा में आगे बढ़कर कार्य करूंगा। किसी को शिकायत का अवसर नहीं मिलेगा। यह मेरा आप सभी से वायदा है।

### वैश्य वर्ग को उचित स्थान दिया है भाजपा ने : डॉ. योगेशपाल गुप्ता

भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही व्यापारियों का सहयोग करती आई है और व्यापारियों का सहयोग भी पार्टी को हमेशा मिला है। पार्टी ने हमेशा वैश्य वर्ग के लोगों को संगठन में उचित स्थान दिया है। मुझे भाजपा ने जिलाध्यक्ष बनाया है। मैं वैश्य वर्ग से ही हूँ। इतना ही नहीं हमारी पार्टी समय-समय पर वैश्यों का सम्मान करती है। मुझे आशा है कि आप सभी लोग आगामी 07 मई को भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के पक्ष में मतदान करेंगे।

## देश भर में आज मनेगी रामनवमी अयोध्या में उमड़ेगी भीड़

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** आज रामनवमी है। अयोध्या में इस मौके पर दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक होगा। इस दौरान अभिजीत मुहूर्त रहेगा। वाल्मीकि रामायण के मुताबिक त्रेतायुग में इसी समय श्रीराम का जन्म हुआ था।

श्रीराम जन्म पर पूजा और व्रत करने की परंपरा है। पूजा के लिए करीब ढाई घंटे का एक ही मुहूर्त है, जो सुबह 11:05 बजे से दोपहर 1:35 बजे तक रहेगा।

इस अवसर पर 1992 से रामलला के मुख्य पुजारी रहे सत्येंद्र दास और मौजूदा पुजारी पं. संतोष तिवारी से आसान पूजा विधि लिखवाई। इस विधि के मुताबिक आप घर में ही श्रीराम की पूजा कर सकते हैं।

**सूर्य तिलक के समय 9 शुभ योग, 3 ग्रहों की स्थिति त्रेतायुग जैसी**

दोपहर 12 बजे जब रामलला का सूर्य तिलक होगा, उस समय केदार, गजकेसरी, पारिजात, अमला, शुभ, वाशि, सरल, काहल और रवियोग बनेंगे। इन 9 शुभ योग में रामलला का सूर्य तिलक होगा। वाल्मीकि रामायण में लिखा है

कि राम जन्म के समय सूर्य और शुक्र अपनी



उच्च राशि में थे। चंद्रमा खुद की राशि में मौजूद थे। इस साल भी ऐसा ही हो रहा है। वाराणसी के प्रो. रामनारायण द्विवेदी और पुरी के डॉ. गणेश मिश्र के मुताबिक सितारों का ये संयोग देश के लिए शुभ संकेत है।

**रामनवमी पर स्वर्ण जड़ित पीली-गुलाबी पोशाक पहनेंगे रामलला**

अयोध्या में 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जहां सूर्य तिलक से भगवान रामलला का जन्मोत्सव शुरू होगा। इस दिन रामलला स्वर्ण आभूषण और रत्न जड़ित पोशाक में अद्भुत दर्शन देंगे। उनकी रत्न जड़ित पोशाक दो रंगों में बनी है- पीली और गुलाबी। वस्त्रों पर स्वर्ण धागों से सिलाई-कढ़ाई की गई है।

**रामलला के माथे पर माणिक्य पीसकर चंदन लेप लगाया जाएगा**

रामलला को मुकुट, कुंडल, हार, तिलक, बाजूबंद, हाथों के कड़े पहनाए जाएंगे। यानी रामलला के सिर से लेकर पैर के अंगूठे तक सोने और हीरे-पन्ने के आभूषण होंगे। सोने के तार वाला धनुष-बाण भी होगा। उनके मस्तक पर चंदन का लेप होगा, उनमें माणिक्य को पीसकर मिलाया जाएगा, ताकि रोशनी में प्रभु का मस्तक दमकता रहे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव, पूर्व सीएम चौहान, प्रदेशाध्यक्ष शर्मा की मौजूदगी में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भरा अपना नामांकन फॉर्म










**शिवपुरी।** पहले बेईमानों पर कार्रवाई नहीं होती थी। ईडी, सीबीआई कार्रवाई करती थी तो स्कूल के बेग में ही उनकी काली कमाई बन जाती थी, लेकिन अब बेईमानों की काली कमाई से हजारों करोड़ों आए हैं। अब चारों दिशाएं शुभ समाचार ला रही है, हर तरफ मोदी, मोदी, मोदी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोकतंत्र को गौरवान्वित किया है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवपुरी जिले के पोलो ग्राउंड में आयोजित जनसभा में कही। लोकसभा का यह चुनाव देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है और यह चुनाव देश से भ्रष्टाचार, आतंकवाद, तुष्टीकरण की नीति को समाप्त करने के साथ-साथ परिवारवादी लोगों को समाप्त करने के लिए है। यह बात खजुराहो सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कही। कांग्रेस के लोग भगवान श्रीराम का विरोध हमेशा से करते रहे। कांग्रेस ने रामलला प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण तक ठुकरा दिया। कांग्रेस के लोग प्रधानमंत्री मोदीजी का विरोध करते-करते अब भगवान राम का भी विरोध करने लगे हैं। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। प्रधानमंत्री मोदीजी ने गरीबों की चिंता की है। प्रधानमंत्री ने आज ऐसी कई योजनाएं चलाई हैं जिनका लाभ आम आदमी को मिल रहा है। देश में पीएम आवास, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि यह योजनाएं आम लोगों के लिए लाई गईं। यह बात शिवपुरी-गुना संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कही। सभी नेतागण शिवपुरी में भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया की नामांकन रैली के दौरान स्थानीय पोलो ग्राउंड पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले विशाल रोड शो संपन्न हुआ।

**चारों दिशाएं शुभ समाचार ला रही है, हर तरफ मोदी, मोदी, मोदी हैः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब चारों दिशाएं शुभ समाचार ला रही हैं, हर तरफ मोदी, मोदी, मोदी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोकतंत्र को गौरवान्वित किया है। इस समय पूरा देश मोदीमय हो चुका है। कार्यकर्ताओं का जोश देखकर यह तय हो चुका है कि परिणाम आ गए हैं और यहां पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत होने वाली है। उन्होंने कहा कि अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ने के लिए अब नगाड़ा बज चुका है। ग्वालियर-शिवपुरी की यह धरती वीरों की धरती है, यह धरती राजमाता सिंधिया की धरती है। कांग्रेस ने नादान लोगों ने एक बार शेष पृष्ठ 5 पर ...

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सली मारे

### 27-27 लाख के दो इनामी मारे गए, 3 जवान घायल, साढ़े 5 घंटे चली मुठभेड़

**कांकेर।** लोकसभा चुनाव के पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। कांकेर जिले के माड़ इलाके में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। सभी के शव बरामद हो गए हैं। इनमें नक्सली लीडर शंकर राव भी शामिल है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने इसे बस्तर पुलिस का नक्सलवाद पर सर्जिक स्ट्राइक बताया है।

मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित 3 जवान घायल हुए हैं। इनमें 2 डीआरजी के जवान हैं। मौके से 5एके-47 बरामद की गई। घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रायपुर लाया गया। डीआरजी का घायल जवान सूर्यवंशी श्रीमाली धमतरी जिले के नगरी का रहने वाला है।

**कांकेर सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा**



4 दिन बाद 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा में वोटिंग होनी है। कांकेर लोकसभा में दूसरे चरण में मतदान होना है। इसके लिए नामांकन फॉर्म भी भरे जा चुके हैं। कांकेर में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी।

मुठभेड़ में मारे गए शंकर राव और ललिता माड़वी डीवीसी रैंक के नक्सली लीडर थे। दोनों पर 25-25 लाख का इनाम घोषित था। पुलिस ने मौके से 4 ऑटोमेटिक हथियार भी जब्त किए हैं।

**साढ़े पांच घंटे चली मुठभेड़**

सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ साढ़े 5 घंटे चली। डीआइजी इंटेलिजेंस आलोक कुमार सिंह ने बताया, पिछले कुछ दिनों से कांकेर इलाके में नक्सलियों के मूवमेंट के इनपुट्स मिल रहे थे। इसके बाद पुलिस और बीएसएफ ने ऑपरेशन की तैयारी की। इसी के तहत आज का ऑपरेशन प्लान किया गया।

नक्सलियों को दोपहर करीब एक बजे घेर लिया गया। 2 बजे मुठभेड़ शुरू हुई और शाम को 7.30 बजे तक यह चली। इस दौरान, सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के शव भी बरामद भी किए।

**गांव-गांव में लग रहे नक्सलियों के पोस्टर**

जिले में नक्सलियों की सूचना देकर उन्हें पकड़वाने वाले को 5 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की गई है। एसपी अभिषेक पल्लव ने इनाम के साथ ही पुलिस विभाग में सरकारी नौकरी देने का भी ऐलान किया है। सूचना देने के लिए एक हेल्प लाइन नंबर 78988 15399 भी जारी किया गया है। इसके लिए जवान गांव-गांव में नक्सलियों की तस्वीर वाली पोस्टर दीवारों पर लगा रहे हैं।

# एडीजीपी डीसी सागर द्वारा गुदुम बजाकर दिया संदेश 100 प्रतिशत करो मतदान, आंधी आये या तूफान

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, शहडोल ज़ोन डी.सी. सागर द्वारा जिला शहडोल अंतर्गत थाना जयसिंहनगर एवं थाना ब्यौहारी क्षेत्र में जनता को भयमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण का आश्वासन देते हुए 100 प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।




इस दौरान एडीजीपी डी.सी. सागर द्वारा एक अनोखे व आकर्षक पारंपरिक क्षेत्रीय वेशभूषा धारण कर गुदुम वाद्य यंत्र के साथ जनता के बीच पहुँचे। उन्होंने गुदुम बजाकर अपने विशेष अंदाज में क्षेत्र की जनता को संदेश दिया कि 19 अप्रैल को संसदीय क्षेत्र शहडोल में लोकसभा चुनाव है, यह एक लोकतंत्र का महापर्व है, इस संदर्भ में आपको विश्वास दिलाने आये हैं कि शहडोल संभाग में पुलिस, प्रशासन, केन्द्रीय सशस्त्र बल और होमगार्ड 24 घंटे पूरी मुस्तैदी के साथ आपकी सुरक्षा में तैनात है, पुलिस और प्रशासन आपके जान-माल की रक्षा और आपके वोट की सुरक्षा के लिए कृत संकल्प हैं। उन्होंने नुक्कड़ सभा एवं जागरूकता रैली में गुदुम बजाकर नारे लगाते हुए मतदाताओं से आग्रह किया कि ''आंधी आये या तूफान, 100 प्रतिशत करो मतदान।'' ''सारे काम छोड़ दो, 100 प्रतिशत वोट दो।''

इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, थाना प्रभारी जयसिंहनगर एवं थाना स्टॉफ, एडीजीपी ऑफिस कमाण्डो, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, बीएलओ, सरपंच, सचिव, महिलाएं, बच्चे, गणमान्य नागरिक एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं मतदातागण उपस्थित रहे।

# जनजातीय विश्वविद्यालय में कला प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

**अनूपपुर।** प्रथम वार्षिक कला प्रदर्शनी 'उत्सव' का उदघाटन, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के कर कमलों द्वारा दिनांक 16-4-2024 को संपन्न हुआ। त्रिदिवसीय,वार्षिक कला प्रदर्शनी का उद्घाटन कुलपति एवं विशिष्ट अतिथि (डॉ. शिवानंद सिंह, विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग, जवाहरलाल नेहरू पीजी महाविद्यालय एवं राष्ट्रीय निर्णायक) द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन किया गया। तत्पश्चात् शिक्षा संकाय के प्रमुख प्रो. एम.टी.वी. नागराजू, प्रो. ज्ञानेन्द्र कुमार राउत एवं कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सपना के द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि जी का स्वागत पुष्प गुच्छ, श्रीफल एवं



अंगवस्त्र प्रदान करके किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रथम वार्षिक कला प्रदर्शनी 'उत्सव' के पोस्टर एवं पत्रिका 'बोध वृक्ष' का विमोचन कुलपति द्वारा किया गया। वार्षिक कला प्रदर्शनी 'उत्सव' के उदघाटन के अवसर पर अधिष्ठाता अकादमिक प्रो.आलोक श्रुतिया, प्रो. अवधेश कुमार शुक्ला, प्रो. राघवेंद्र मिश्रा, डॉ. एम. पी.गौड़ (सह-आचार्य) एवं डॉ. विजय नाथ मिश्रा (ओ. एस. डी) की गरिमामई उपस्थित रही। इस अवसर पर प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. रमेश एम., डॉ. शिखा बनर्जी, डॉ. मारिया जोसेफिन, डॉ. आर. हरिहरन, डॉ. दिलीप कुमार चौधरी, डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, डॉ. राम जी मिश्रा, हिमांशी वर्मा, डॉ. आनंद कृष्ण ज्योतिषी, डॉ. अभय दूबे, डॉ. मालती लोधी, अंचूम, डॉ. त्रयंबक नाथ पाण्डे सहित समस्त गणमान्य जन एवं समस्त छात्र-छात्राएं एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सुशोभित किया।

# "66 अग्निशामक शहीदों के बलिदान को याद करके मनाया गया राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस"

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर/ जैतहरी।** हिंदुस्तान पावर परिसर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इस आयोजन में विभागीय कर्मियों के द्वारा रोमांचक ड्रिल का प्रर्दशन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्लांट प्रमुख बसंता मिश्रा ने उपस्थित होकर अग्निशामकों के दल का निरीक्षण किया एवं उन्होंने बताया कि ''आग से होने वाली तबाही एवं उससे होने वाले नुकसान से बचाव रखना न केवल अग्नि सुरक्षाकर्मियों की जिम्मेवारी है, बल्कि ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न ही न हो इसके लिए प्रत्येक नागरिक को सर्तक रहने की जरूरत है तथा सभी को अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए।''

कंपनी के सुरक्षा विभाग के प्रमुख डॉ0 भोला प्रसाद कुशवाहा ने 14 अप्रैल 1944 को हुए बाम्बे हादसे के इतिहास को दोहराया तथा कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए 66 अग्निशामकों के बलिदान को बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजली दी और अग्नि सुरक्षा नियमों का सतर्कता से पालन करने हेतु प्रतिज्ञा ली।




कंपनी के मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग के प्रमुख आर.के. खटाना ने कहा कि अग्नि सुरक्षा यंत्रों का समय-समय पर परीक्षण करते रहना बेहद आवश्यक है जिससे न केवल सुरक्षा यंत्रों की समयावधि और गुणवत्ता बढ़ेगी बल्कि आपात स्थिति में यंत्रों के उपयोग के समय असुविधा से बचा जा सकेगा, साथ ही यह भी बताया कि हमारी यह टीम न केवल प्लांट परिसर में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है बल्कि कंपनी से लगे हुए क्षेत्र में भी आकस्मिक घटनाओं से निपटने में अपना अमूल्य योगदान देती रही है। वर्ष के दौरान ऐसी कई घटनाऐं सामने आई हैं जहां हमारे जाबाजों ने आग पर काबू पाकर बड़ी घटनाओं को होने से बचाया है। कंपनी के मेंटेनेंस विभाग के प्रमुख टी.एम. पाई ने बताया कि हमें प्रसन्नता है कि सुरक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर यंत्रों की जॉच एवं मॉकड्रिल के माध्यम से उनका परीक्षण किया जाता है। साथ ही बताया कि विभाग सदैव ही प्लांट परिसर में कार्यरत कर्मियों को अग्नि सुरक्षा नियमों के प्रशिक्षण की आवृत्ति को बढ़ाने पर जोर देता रहा है। कार्यक्रम में अग्निशामकों को वर्ष के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रबंधन के द्वारा उन्हें पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों ने अग्नि सुरक्षा यंत्रों का निरीक्षण किया और विभाग के कार्यों की सराहना की।

# मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला पहुंचे अनूपपुर, जिला विकास मंच ने किया अभिनंदन



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का अनूपपुर जिला विकास मंच द्वारा अनूपपुर में सार्वजनिक अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर मनोज द्विवेदी, डॉ. देवेन्द्र तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, महेन्द्र केशरवानी, विवेक बियाणी, बीजू थामस, राकेश पाण्डेय, मनोज मिश्रा, राज किशोर तिवारी, कृष्णानंद द्विवेदी, श्री द्विवेदी, मनोज श्रीवास्तव, सुनील कुशवाहा, अमितेष द्विवेदी, शौर्य द्विवेदी के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

# मतदान की थीम पर बनाई रंगोली, मतदान की ली शपथ

## प्रत्येक मतदाता 7 मई को सारे काम छोड़कर पहले करें मतदान

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थान, जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. इच्छित गढ़पाले, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री प्रदीप सिंह तोमर के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों का आयोजन शहर में किया जा रहा है।



नगर पालिका परिषद जौरा ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये मतदाता जागरूकता थीम पर स्व-सहायता समूह की महिलाओं एंव शहर में नियुक्त किए गए मतदाता मित्रों द्वारा मतदाता जागरूकता थीम पर आकर्षित रंगोली बनाई।मुख्य नगर पालिका अधिकारी रेहान अली जेदी ने मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रदीप तोमर ने कहा कि आने वाली 7 मई को सभी मतदाता शत-प्रतिशत मतदान करें। मतदाता मित्र शहर के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी, स्व-सहायता समूह की महिलायें और मतदाता मित्र मौजूद थे।

### 'प्रत्येक वोट जरूरी है' पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता

## प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'प्रत्येक वोट जरूरी है' विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि mp.mygov.in पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। गुरूवार 25 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

# अमनदीप सिद्धू सोनी सब के आगामी शो, सपनों और दृढ़ संकल्प की कहानी, 'बादल पे पांव हैं' में मुख्य भूमिका निभाएंगी

अच्छे कॉन्टेंट का घर, सोनी सब अपनी नवोन्वेषी और प्रगतिशील कहानियों के लिए प्रसिद्ध है, खास तौर पर सशक्त महिला नायिकाओं को प्रदर्शित करने वाली कहानियों के लिए, जिन्होंने टेलीविज़न के पारंपरिक मानदंडों को नया आकार दिया है। दर्शकों के दिलों में खास जगह रखने वाले, सोनी सब के शो का बेसब्री से इंतज़ार किया जाता है, और अब, चैनल ने अपने नवीनतम रत्न, 'बादल पे पांव हैं' का अनावरण किया है, जो सपनों और दृढ़ संकल्प की कहानी है। पावरहाउस निर्माता जोड़ी, सरगुन मेहता और रवि दुबे द्वारा निर्मित, यह शो एक उत्साही लड़की की जीवनयात्रा को दर्शाता है, जिसके सपने जीवन में आने वाली चुनौतियों से कहीं ऊंचे हैं।



बेहद प्रतिभाशाली अमनदीप सिद्धू अभिनीत बानी अरोड़ा से मिलें। बानी किसी छोटे शहर में रहने वाली कोई आम लड़की नहीं है। वह एक उत्साही व्यक्ति है, जिसके सपने आकाश जितने विशाल हैं और उसके दृढ़ संकल्प की कोई सीमा नहीं है। अपने माता-पिता और बहन के साथ, छोटे से शहर बनूड़ में रहने वाली बानी ने हमेशा चुनौतियों का डटकर सामना किया है, और समस्याओं के आगे कभी भी नहीं झुकी है। स्टॉक और ट्रेडिंग की डायनेमिक दुनिया पर अपना हाथ आज़माते हुए, उसकी आकांक्षाएं सामान्य से अधिक बढ़ जाती हैं।

बानी की यात्रा को देखने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि वह एक समय में एक साहसिक कदम उठाते हुए, निडरता से अज्ञात क्षेत्र में कदम रखती है, और अपने सपनों को हकीकत में बदलने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्य किरदार बानी की भूमिका निभाने के लिए तैयार अमनदीप सिद्धू ने कहा, 'किसी कलाकार के लिए, ऐसे शो का हिस्सा बनने का अवसर पाने से बढ़कर कुछ नहीं है, जो अपनी अनूठी और अभिनव कहानी के लिए बिल्कुल हटकर हो। सोनी सब का 'बादल पे पांव हैं' बिल्कुल वैसा ही शो है। जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं तुरंत अपने किरदार से जुड़ गई। ज़िंदगी ने बानी की झोली में जो कुछ भी दिया है, वह उसी तक सीमित नहीं रहना चाहती है; इसके बजाय, वह अटूट दृढ़ संकल्प के साथ और हासिल करने की कोशिश करती है। वह बिल्कुल पटाखा किरदार है, और मैं इसे जीवंत करने के लिए बेहद उत्साहित हूँ।'

सोनी सब के 'बादल पे हैं' पर अधिक अपडेट के लिए बने रहें, जो जल्द ही आपके टेलीविज़न स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा!

# 3 बदमाश हथियारों के साथ पकड़े, 3 कट्टा, राउण्ड जब्त

**मुरैना।** अंबाह पुलिस ने सोमवार को पोरसा रोड से विजय प्रताप तोमर नि. अंबाह को 315 बोर कट्टा, जिंदा राउण्ड, बागचीनी में मोहर सिंह पुत्र सुंदर सिंह कुशवाह नि. रसोंधना बीहड़ को जिंदा राउण्ड और 315 बोर कट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में महुआ थाने की पुलिस ने रोहित पुत्र हर्ष तोमर नि. किल्ली को कट्टा और राउण्ड के साथ पकड़ा। आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिए है।

# माइक्रो आब्जर्वर निर्वाचन प्रक्रिया पर बारीकी से निगरानी रखें: प्रेक्षक शांतनु गोतमारे

## निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण सम्पन्न

**अनूपपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्वक एवं सुचारू रूप में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिले के 86-कोतमा, 87-अनूपपुर, 88-पुष्पराजगढ़ के संवेदनशील मतदान केन्द्रों में माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए गए हैं। माइक्रो आब्जर्वर चुनाव की प्रक्रिया की निगरानी रखेंगे। इन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक शांतनु गोतमारे की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक सह प्रशिक्षण में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर सहित सर्व संबंधित जन उपस्थित रहे।



माईक्रो ऑब्जर्वर को प्रेक्षक शांतनु गोतमारे ने कहा कि चुनाव के पारदर्शिता के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों के प्रतिनिधि के रूप में आंख और कान की तरह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन आयोग द्वारा दिए गए दिशानिर्देश के मुताबिक सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में मॉकपोल की प्रक्रिया सुबह 5:30 बजे से 5:45 बजे तक प्रारंभ हो जाए, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने माईक्रो आब्जर्वरों को स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव में लोकतांत्रिक प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा होने पर बधाई देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में देश के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करने का जो मौका माईक्रो ऑब्जर्वर को मिला है, वह महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी माइक्रो आब्जर्वर को पूरी जिम्मेदारी से अपना कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदान के समय यदि किसी प्रकार का अवरोध या अनुचित व अप्रिय घटना होती है, तो उसकी तत्काल सूचना दें। उन्होंने सभी से अपने दायित्वों का निर्वहन बेहतर रूप से करने की अपेक्षा व्यक्त की। प्रेक्षक शांतनु गोतमारे ने कहा कि सभी माईक्रो ऑब्जर्वर का कार्य मतदान केन्द्रों की गतिविधियों की निगरानी करना है और जो आयोग का निर्धारित प्रपत्र है, उसके अनुरूप जानकारी भरकर देना है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित बिन्दुओं पर निगरानी करके रिपोर्ट सौंपे। मतदान प्रक्रिया में किसी तरह का हस्तक्षेप नही करना है। केवल पूरी प्रक्रिया की सावधानी से निगरानी करते हुए उसके अनुसार अपनी रिपोर्ट तैयार करना है। उन्होंने कहा कि माईक्रो आब्जर्वर अपने दायित्व के महत्वता को समझें। निर्वाचन प्रेक्षक ने माइक्रो ऑब्जर्वर के जिज्ञासाओं के भी उत्तर दिए।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स अजय जैन, कौशलेन्द्र सिंह ने माइक्रो ऑब्जर्वर के कर्तव्य, मतदान दलों के दायित्व, माकपोल की प्रक्रिया आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।



# आईपीएल मैच पर सट्टा खिला रहे महादेव एप के चार गुर्गे पकड़े

## - 1.40 लाख, चार मोबाइल एक बलेनो कार मिली

**ग्वालियर।** महादेव एप पर सट्टा लगवाने वाले सटोरियों के चार गुर्गे क्राइम ब्रांच ने दबोचे है। पकड़े गए सटोरियों से पुलिस ने नगदी 1.40 लाख के साथ ही लाखों का हिसाब और एक बलेनो कार बरामद की है और उनके पास से लाखों का हिसाब मिला है। पकड़े गए सटोरिए आईपीएल मैचों पर सट्टा खिलवा रहे थे। क्राइम ने चारों गुर्गो को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

एएसपी क्राइम शियाज केएम ने बताया कि सूचना मिली थी कि महादेव एप पर ऑन लाइन सट्टा लगवाने वाले गिरोह के चार गुर्गे ग्वलियर में वसूली का काम करते है और अभी वह आईपीएल मैचों पर सट्टा लगवा रहे है। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच डीएसपी अयूष गुप्ता, नागेन्द्र सिंह सिकरवार व टीआई अजय पवार को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। जिस पर पुलिस टीम को गुर्गो की तलाश में लगाया। जब क्राइम ब्रांच की टीम ओहदपुर स्थित यशोदा टॉवर के पास पहुंची तो एक कार संदिग्ध दिखाई दी, जिसमें चार युवक बैठे हुए थे। क्राइम ब्रांच ने कार की घेराबंदी की तो कार सवारों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पहले से अलर्ट क्राइम ब्रांच ने मौका नहीं दिया और चारों को दबोच लिया। पकड़े गए सटोरियों से पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम नाम प्रभात सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी भिलाई छत्तीसगढ, आजम हुसैन पुत्र नाजिर हुसैन निवासी एसीसी चौक राजीव नगर छावनी जिला भिलाई छत्तीसगढ़, चित्रांश गुरव पुत्र गजानंद गुरव निवासी हाउसिंग बोर्ड जिला भिलाई छत्तीसगढ तथा चौथे ने अपना नाम विधान सिंह चौहान पुत्र धर्मेन्द्र सिंह चौहान निवासी मोहल्ला बाजार पारा गांव खास पारा कुकनार जिला सुकमा छत्तीसगढ का होना बताया। उनकी तलाशी ली तो उनके पास से एक लाख चालीस हजार रुपए के साथ ही चार मोबाइल मिले। मोबाइल कही जांच करने पर पता चला कि वह आईपीएल मैचों पर सट्टा लगवा रहे हैं।

चारों आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि महादेव बुक की साइट से ग्वालियर में जो लोग ऑनलाइन सट्टा खेलते है उनसे हम लोग कैश में पैसा लेने के लिये ग्वालियर आये थे पैसा इकट्ठा करके हम लोग मोहम्मद शाद के खाते में डाल देते है। अब क्राइम ब्रांच की टीम मोहम्मद शाद की जानकारी जुटाने में जुट गई है।

**इनका कहना**

सट्टे के साथ अन्य अनैतिक गतिविधियों को ग्वालियर में चलने नहीं दिया जाएगा और इनके खिलाफकड़ाई से कार्रवाई की जाएगी।

**धर्मवीर सिंह, एसपी**

# बुलेट में साइलेंसर बदलवाकर धांय-धांय की आवाज करने वालों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

## – आधा सैकड़ा से ज्यादा के किये चालान, साइलेंसर किये जब्त

**ग्वालियर।** बुलेट का साइलेंसर बदवाकर धांय-धांय की आवाज करना अब बुलेट चालकों को भारी पड़ता जा रहा है। साइलेंसर बदलवाकर बुलेट चलाने वालों के खिलाफपुलिस ने अभियान छेड़ रखा है और चालानी कार्रवाई कर पुलिस साइलेंसर जब्त कर रही है। मंगलवार को एक ऐसा ही मामला देखने को मिला। जब बंधौली निवासी रामचरण अपने बेटे की बुलट पर बैठकर अपनी फसल ट्रॉली पर लदवाकर मंडी जा रहे थे। तभी बीच रास्ते में मुरार पुलिस ने उन्हें रोका और उन्हें बताया कि उनकी बुलेट का साइलेंसर ज्यादा आवाज कर रहा है और पुलिस ने मैकेनिक को इशारा किया। मैकेनिक ने साइलेंसर खोलकर पुलिस के हवाले कर दिया तो पुलिस ने एक हजार रुपए की पर्ची काटकर बुजुर्ग के हाथों में रख दी।

थाना प्रभारी मुरार मदन मोहन मालवीय ने बताया कि एक माह से मुरार थाना पुलिस सुबह और शाम बुलेट बाइक से गोलियों की आवाज निकालने वाले बाइक सवारों के खिलाफ अभियान चलाए हुए है और अभी तक 51 बाइकों के साइलेंसर खुलवाए हैं, यह साइलेंसर मॉडीफाइड हैं और स्पीड बढ़ाते ही गोली की आवाज निकलती है। चेकिंग में निकलने वाले पुलिस अफसरों के साथ ही अन्य स्थानों पर बुलट दिखते ही उन्हें चेक किया जाता है और जिसमें से आवाज गोली की निकली उसका चालान करने के साथ ही साइलेंसर निकलवाया जाता है। जब तक साइलेंसर नहीं निकलता, बुलेट थाने में रहती है। एक माह पूर्व दो बुजुर्ग मुरार थाने पहुंचे और बताया कि वह स्कूटी से जा रहे थे कि तभी उनके पास से निकले बुलट बाइक सवारों ने अपनी बाइक को गति दी तो उसमें से गोली की आवाज निकली। जिसे सुनते ही वह घबरा गए और स्कूटी सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गए। गिरने और हादसे का शिकार होने के चलते वह बाइक का नंबर भी नहीं ले पाए। घटना के बाद पुलि ने मॉडीफाइड साइलेंसर लगी बुलेट बाइकों के खिलाफअभियान शुरू किया तो सबसे ज्यादा बाइक मुरार थाना क्षेत्र में निकली और उसके बाद महाराजपुरा, बिजौली और सिरोल के साथ ही थाटीपुर की हैं।

मुरार पुलिस के इस अभियान से अब स्थानीय लोग काफी खुश हैं, क्योंकि इन बाइकों पर निकलने वाले युवा उनकी कॉलोनियों में आकर धमाल मचाते थे और इस अभियान के चलते अब गलियों में गोलियों की गूंज नहीं होती है। गोलियों की आवाज निकालने वाले बुलट बाइक सवारों पर पुलिस ने एक-एक हजार रुपए का चालान किया है, क्योंकि परिवहन विभाग के नियम के तहत मॉडीफाइड साइलेंसर लगवाने पर एक हजार रुपए का जुर्माना है और अभी तक पुलिस ने इन बाइक सवारों से 51 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है। पुलिस कप्तान धर्मवीर सिंह का कहना है कि मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों से किसी तरह का खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा और इन वाहनों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिनके वाहनों में मॉडीफाइड साइलेंसर हैं वह स्वयं निकाल लें, अन्यथा उनके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# पिता की नसीहत से नाराज होकर घर छोड़कर निकला छात्र

**ग्वालियर।** नौवीं कक्षा में फैल होने पर जब पिता ने चौदह वर्षीय बेटे को डांट लगाई तो नाराज बेटा घर से गायब हो गया। घटना सिरोल थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर की है। छात्र के गायब होने का पता चलते ही परिजनों ने नाते-रिश्तेदारों के साथ ही छात्र के दोस्तों के यहां पर जानकारी जुटाई, लेकिन उसका पता नहीं चला तो परिजन थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

सिरोल थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर निवासी नवल किशोर पुत्र रामगोपाल शर्मा ने शिकायत की है कि उनका चौदह वर्षीय बेटा किडीज कॉर्नर स्कूल गोविन्दपुरी में पढ़ता है। बीते रोज उसका नौवीं कक्षा का रिजल्ट आया, जिसमें वह फेल हो गया था। फेल होने पर नवल किशोर ने उसकी डांट लगाई थी। उस समय तो वह सुनता रहा और वहां से अपने कमरे में चला गया, कुछ देर बाद जब वह उसके कमरे में पहुंचे तो वह कमे गायब था। बेटे को गायब देखकर पहले उन्होंने समझा कि इधर-उधर चला गया होगा। लेकिन काफी देर बाद भी वह कमरे में नहीं आया तो शंका हुई और उसकी तलाश की तो उसका कहीं पर भी अता-पता नहीं चला। बेटे की तलाश के लिए पहले उन्होंने दोस्तों के यहां पर तलाशा, लेकिन यहां पर उसके ना मिलने पर रिश्तेदारों के यहां पर तलाशा लेकिन उसका पता नहीं चला तो थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने अपरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# सिरफिरे ने जवान की कार में लगाई आग

**ग्वालियर।** चीन सीमा पर भारत की रक्षा के लिए तैनात एक जवान के परिवार को एक सिरफिरा चार साल से परेशान कर रहा है और बीती रात सिरफिरे ने जवान की कार पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा दी। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के महालक्ष्मीपुरम की है। घटना का पता चलते ही पुलिस और दमकल अमले को सूचना दी, लेकिन तब तक कार का काफी हिस्सा जल चुका था। पुलिस ने जब वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो एक सिरफिरा वारदात को अंजाम देता हुआ कैद हुआ। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

महाराजपुरा थाना क्षेत्र के महालक्ष्मीपुरम निवासी अशोक शर्मा आर्मी जवान है और अभी चीन बॉर्डर पर तैनात है। यहां पर उनका परिवार रहता है। बीती रात उनके परिजन खाना खाने के बाद सो गए थे और रात करीब डेढ़ बजे के लगभग पड़ोसियों ने बताया कि उनकी कार में आग लगी हुई है।




आग का पता चलते ही पड़ोसियों के साथ आग बुझाने में जुटे और पुलिस व दमकल अमले को सूचना दी। जब तक दमकल व पुलिस पहुंची, कार का काफी हिस्सा जल चुका था। मौके पर पहुंची दमकल ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार आधी से ज्यादा जलकर राख हो चुकी थी। पुलिस ने आग बुझाने के बाद वहां पर लगे सीसीटीवी खंगाले तो पता चला कि रात में एक युवक आया और कार पर पेट्रोल उडेलकर फिर माचिस से आग लगाई। आग लगते ही वह वहां से भाग निकला। आग लगाने वाले की पहचान बबलू खेमरिया के रूप में हुई। इसका पता चलते ही पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने जब जांच पड़ताल शुरू की तो जवान के परिजनों ने पुलिस को बताया कि जिस आरोपी ने कार में आग लगाई है वह पिछले चार साल से उन्हें व उनके परिजनों को परेशान कर रहा है। कई बार मामला दर्ज कराने के बाद भी उसके खिलाफ कड़ाई से कार्रवाई नहीं की जाती है, यहीं कारण है कि सिरफिरा उनके पीछे पड़ा हुआ है। इस मामले में चीन की सीमा पर तैनात आर्मी जवान अशोक शर्मा का कहना है कि हर बार एफआईआर कराने के बाद भी पुलिस उसके खिलाफ कड़ाई से पेश नहीं आ रही है, जबकि उन्हें परेशान किया जाता है। जब परिवार परेशानी में है तो वह कैसे देश की रक्षा कर सकते है, अगर पुलिस उचित कार्रवाई नहीं करेंगी तो वह रक्षा मंत्री से शिकायत करेंगे और जरूरत पड़ी तो नौकरी छोड़कर वह अपने परिवार की रक्षा करेंगे।

# खुले नलकूप व कुँए हैं तो कंट्रोल रूम में दर्ज कराएँ शिकायत

**ग्वालियर।** जिले के अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों व कुँओं की जानकारी प्राप्त करने के लिये जिले में दो कंट्रोल रूम गठित किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा खुले नलकूपों व कुँओं में बच्चों के गिरने की संभावना को रोकने के उद्देश्य से इन कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। जिले की समस्त जनपद पंचायतों, नगर पालिका एवं नगर परिषद के लिए गठित कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी जिला समन्वयक पीएचई अंकुर जैन को सौंपी गई है, उनका मोबाइल फोन नम्बर 9907687590 है। इसी तरह नगर निगम ग्वालियर के लिए गठित कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी का दायित्व उपयंत्री जलप्रदाय उपेन्द्र पहाड़िया को सौंपा गया है। इनका मोबाइल फोन नम्बर 9425111282 है। इन दोनों कंट्रोल रूमों में दूरभाष व वॉट्सएप इत्यादि के माध्यम से आम जन से खुले नलकूपों व कुँओं के संबंध में प्राप्त सूचनाओं व शिकायतों की जानकारी कंट्रोल रूम प्रभारी प्रतिदिन संकलित कर कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड ग्वालियर को उपलब्ध करायेंगे। कार्यपालन यंत्री संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर इन समस्याओं व शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

# दिल्ली का तस्कर गांजा सहित पकड़ा

**ग्वालियर।** गांजे की खेप लेकर आए दिल्ली के एक तस्कर को पड़ाव थाना पुलिस ने रेलवे कॉलोनी से पकड़ा है। पकड़े गए तस्कर से डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा कीमत का गांजा बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

पड़ाव थाना प्रभारी इला टण्डन ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक तस्कर गांजे की खेप लेकर आने वाला है। इसका पता चलते ही पुलिस टीम को कार्रवाई के लिए रवाना किया। पुलिस को देखते ही स्टेशन से आ रहा युवक भागने लगा और पुलिस ने पीछा कर उसे रेलवे कॉलोनी से दबोच लिया है। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके बैग से तेरह किलो से ज्यादा गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा बरामद होते ही उसे हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम रिंकू बाल्मीक निवाासी दिल्ली बताया है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर पता लगा रही है कि वह गांजा कहां से लाया था और कहा पर खपाने जा रहा था।

**इनका कहना**

एक तस्कर को गांजे की खेप के साथ पड़ाव थाना पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए तस्कर से पूछताछ की जा रही है।

**अशोक सिंह जादौन, सीएसपी इंदरगंज**

# कांग्रेस का हाथ बदलेगा हालात : प्रियंका शर्मा

**ग्वालियर।** केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हर हाथ को काम देने और देशवासियों को खुशहाल बनाने के लिए प्राथमिकता पर काम होगा। कांग्रेस का हाथ अब देश के हालात बदलेगा और जो कांग्रेस के घोषणा पत्र में गारंटी दी गई है उस पर शत प्रतिशत काम होगा। यह बात मंगलवार को पीसीसी प्रवक्ता प्रियंका शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कही।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा देवेन्द्र शर्मा और पीसीसी प्रवक्ता प्रियंका शर्मा ने मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि देश में जबरदस्त बदलाव की लहर है और देश में भी कांग्रेस की लहर है। कांग्रेस की सरकार बनने पर देश में हर वह काम किये जायेंगे जिससे आम लोगों




की समस्याएं खत्म हो और उन्हें रोटी रोजगार मुहैया हो सकें। प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का विजन क्लियर है और हम युवा, नारी, किसान, श्रमिक और आम लोगों की हिस्सेदारी न्याय पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जुमलेबाजी नहीं करती, बल्कि कांग्रेस जमीनी स्तर पर कार्य करती है। भारत आज प्रगति के पथ पर है वह सब कांग्रेस की जनहितकारी योजनाओं से ही संभव हुआ है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि देश की 140 करोड़ जनता अब न्याय के लिये भटक रही है और उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने पुरानी पेंशन योजना को भी लागू करने की वचनबद्धता दोहराई। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता आरपी सिंह, राम पांडे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभुदयाल दोहरे, जोनल वार रूम प्रभारी योगेन्द्र तोमर, हरेन्द्र गुर्जर, जयराज सिंह चौहान, रश्मि पवार शर्मा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मीनू परिहार उपस्थित थे।

# कृषि विश्वविद्यालय में इन्क्यूबेटीज पर कार्यशाला आयोजित

**ग्वालियर।** कृषि विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन एंड इंटरप्रेन्योरशिप में डी.पी.आई.आई.टी. पंजीकृत इन्क्यूबेटीज के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता नोडल अधिकारी डॉ. वाय.डी. मिश्रा ने की। कार्यशाला के माध्यम से सी.ए.आई.ई. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आदित्य सिंह ने सभी इनक्यूबिटीज से उनके बिजनेस के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। चर्चा के दौरान सभी इनक्यूबिटीज ने अपने बिजनेस सम्बन्धी समस्याओं को बताया और सी.ए.आई.ई. से उनके समाधान के बारे में बातचीत की। डॉ वाय. डी. मिश्रा ने सी.ए.आई.ई. की तरफसे दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं जैसे मार्केटिंग, ब्राडिंग, लिंकेज, लोगो पंजीकरण, एफएस.एस.ए.आई. पंजीकरण, बिजनेस प्लान, सरकारी योजनाओं और डी.पी.आई.आई.टी. पंजीकरण के बारे में जानकारी दी।



# रास्ता पार कर रहे ऑटो चालक की कुचलकर मौत

**ग्वालियर।** रास्ता पार कर रहे एक ऑटो चालक को तेज रफ्तार कंटेनर ने कुचल दिया। हादसे में आटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सिरोल थाना क्षेत्र के अवाडपुरा कंपू की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है। फिलहाल पता नहीं चला है कि किस वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। अवाड़पुरा कंपू निवासी राकेश कुशवाह पुत्र प्रदीप कुशवाह पेशे से आटो चालक है और अपनी खुद की ऑटो चलाता है। बीते रोज वह ऑटो लेकर निकला था और उसके बाद वापस नहीं आया तो उसकी पत्नी सरिता ने उसकी तलाश की तो पता चला कि अड्डू पुर पर एक युवक का रास्ता पार करते समय एक्सीडेंट हुआ है। इसका पता चलते ही वह वहां पर पहुंची तो मृतक की शिनाख्त राकेश के रूप में की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि राकेश को एक कंटेनर ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी कंटेनर को पास ही सड़क किनारे से पकड़ा है, जबकि चालक फरार था। पुलिस ने मृतक के शव का पीएम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खेलो इण्डिया प्रतियोगिता में एलएनआईपीई के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

**ग्वालियर।** लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान के छात्र-




छात्राओं ने अखिल भारतीय खेलो इण्डिया अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगभग 38 छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, ताईकवाण्डो, बेडमिन्टन, टेबल टेनिस, योगा, कुश्ती, टेनिस, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग, शूटिंग, तीरंदाजी, मलखंब, बॉक्सिंग, फुटबॉल, रोईंग, फेंसिंग, एथ्लेटिक्स, बीच व्हॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, हैण्डबॉल, तैराकी, कराटे, खो-खो, क्रिकेट, जूडो, वूशू, स्क्वेश, क्रॉस कन्ट्री, रोप स्किपिंग खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त किये।

संस्थान के छात्र ध्रुव सिंह (एसियन बॉक्सिंग अण्डर 22), प्रक्ष सिंह जादौन (एसियम आर्म लेसलिंग चैम्पियनशिप), अजीत सिंह यादव (जैवलिन थ्रो पैरालंपिक), इंद्रजीत नागर (एकलव्य अवार्ड), यश शर्मा (कराटे) द्वारा विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुलपति एवं कुलसचिव ने सत्र 2023-24 में आयोजित खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्राप्त करने वाले छात्रों तथा खेलो इण्डिया विश्वविद्यालयीन खेलों में प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थियों तथा टीमों के साथ प्रतियोगिता करने वाले कोच प्रबंधकों का सम्मान भी किया।

समारोह में संस्थान की कार्यवाहक कुलपति प्रो. इंदू बोरा, प्रभारी कुलसचिव डॉ. संजीव यादव, खेल निदेशक डॉ. दिलीप तिर्की, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी व छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# बिना रुद्राक्ष के अपनी सेवा स्वीकार नहीं करते भगवान शिवः पं. उपाध्याय

**ग्वालियर।** श्री बालाजी मठ मंदिर लोक न्यास द्वारा आयोजित श्री रुद्र




महायज्ञ में आहुतियां डालने के लिए शहरवासियों में होड़ मच गई। मंगलवार को महायज्ञ में बड़ी संख्या में शहरवासी पहुंचे।

ट्रस्ट के अध्यक्ष भानु प्रताप दुबे और सचिव ज्योति दुबे ने बताया कि महायज्ञ में कोई भी शहरवासी शामिल हो सकता है, यह सुविधा निशुल्क रखी गई है। शिव महापुराण कथा में कथावाचक पं. रामनरेश उपाध्याय ने नारद मोह, श्रृष्टि वर्णन एवं कुबेर पद प्राप्त होने की कथा सुनाई। पं. उपाध्याय ने कहा कि भगवान शिव के पांच मुखों में ही ओंकार की उत्पत्ति हुई है जिसमें सारी सृष्टि समय हुई है। शिव का पंचाक्षर मंत्र सभी प्रकार की तोपों को हारने वाला है। उन्होंने नारद की कथा सुनाते हुए कहा कि देवर्षि नारद ने कामदेव पर विजय पाई थी किंतु एक क्रोध पर विजय नहीं पा सके। इसी कारण उन्होंने विश्व मोहिनी के चक्कर में सुंदर की जगह बंदर बनना पड़ा।

उन्होंने कहा कि यदि हमें काम रूपी शत्रु पर विजय पानी है तो शिव की शरण में जाना होगा। रुद्राक्ष धारण की महिमा बताते हुए उन्होंने कहा कि हमें अपने स्वामी का चिन्ह के रूप रुद्राक्ष अवश्य धारण करना चाहिए। क्योंकि बिना रुद्राक्ष के और बिना भस्म या चन्दन के भगवान शिव अपनी सेवा स्वीकार नहीं करते।

# एफएसटी की टीम को चेकिंग में सवा लाख मिले

**ग्वालियर।** लोकसभा चुनाव में रूपयों का प्रयोग रोकने के लिए पुलिस ने शहर में एफएसटी टीम तैनात की है। मंगलवार को हजीरा थाना क्षेत्र के बिरला नगर पर वाहनों की चेकिंग के दौरान एफएसटी की टीम ने एक कार सवार को सवा लाख रुपए ले जाते पकड़ा है। हजीरा थाना पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। हजीरा थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह सेंगर ने बताया कि मंगलवार को एफएसटी की टीम बिरला नगर पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक कार गोला का मंदिर की तरफ से आती दिखाई दी। कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो कार के डेस्कबोर्ड में नोटों की गड्डिया रखी हुई थी। रुपए बरामद होते ही चालक से कार साइड में करवाई और पूछताछ की तो पता चला कि कार सवार सनम खान पिण्टो पार्क का रहने वाला है। एफएसटी टीम ने पूछताछ की तो पकड़े गए सनम ने बताया कि उसने एक प्लॉट पसंद किया है और उसकी बातचीत पक्की करने के लिए सवा लाख रुपए बयाना लेकर देने जा रहा था।

# बालिकाओं से संवाद कर विधिक उपबंधों की दी जानकारी

**ग्वालियर ।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर पीसी गुप्ता



के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न प्रकार की विधिक जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

इस कड़ी में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष दवंडे एवं विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा ने जयारोग्य चिकित्सालय परिसर में संचालित मां कैला देवी बालिका गृह एवं वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। साथ ही बालिका गृह में रह रहीं बालिकाओं से संवाद कर उनकी समस्यायें जानीं। निरीक्षण से पहले विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर बालिकाओं को निःशुल्क विधिक सहायता एवं किशोर न्याय बालकों का देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 के व्यवहारिक उपबंधों के बारे में भी अवगत कराया। इस अवसर पर बालिका गृह संचालक एडवोकेट हरीश दीवान, परियोजना अधिकारी एवं अधीक्षक वन स्टॉप सेंटर श्रीमती दीपिका रावत व सचिन प्रजापति सहित बालिका गृह में रह रहीं बालिकाएं उपस्थित थीं।

# वायु प्रदूषण पर निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**ग्वालियर।** भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश जिला संघ ग्वालियर द्वारा वायु प्रदूषण के रोकथाम व प्रचार प्रसार हेतु वायु प्रदूषण पर निबंध व पोस्टर



प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पर्यावरण बचाओ वृक्ष लगाओ एवं वायु प्रदूषण रोकथाम हेतु सार्वजनिक स्थलों पर रोवर रेंजर द्वारा वॉल पेंटिंग कराई गई। कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार और जिला सचिव सुरेंद्र सिंह भदौरिया की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम में प्रताप माहौर कार्यालय सहायक जिला संघ ग्वालियर, सुजीत कुमार जैन संभागीय कार्यालय ग्वालियर, नरेंद्र पीपल संभागीय मुख्यालय ग्वालियर, गगन शर्मा, लेखराज, शंकर सिंह एएसओसी भी उपस्थित थे।

# पीड़ित परिवार के बच्चों के पालन पोषण को 1.20 लाख की सहयोग राशि दी

**ग्वालियर।** अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ एवं प्रजापति समाज सेवा संघ ग्वालियर



द्वारा प्रजापति समाज हनुमान जी मंदिर कुम्हारपुरा मुरार में एक श्रृद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विगत 1 अप्रैल को सिंधिया नगर में सिलेंडर ब्लास्ट अग्निकांड हादसे में एक ही परिवार के पाँच लोगों की दुःखद मृत्यु हो गई थी। जिसकी श्रृद्धांजलि सभा व दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शान्ति की प्रार्थना की।

इस अवसर पर पीड़ित परिवार के बच्चों के लिये 1 लाख बीस हजार रुपए का सहयोग प्राप्त हुआ। जिसे तीन बच्चों की परवरिश के लिए परिवार को दिये गये। इस अवसर पर नारायण दास प्रजापति, संजय प्रजापति, मुरारी लाल प्रजापति, महेश पचोखरिया, भारत सिंह प्रजापति, सुरेश प्रजापति, प्रहलाद प्रजापति, रामकिशन प्रजापति, बलराम प्रजापति, मोहन प्रजापति, मेवा राम प्रजापति, दीपू प्रजापति, देवेन्द्र प्रजापति, कमल प्रजापति, हेमसिंह रौतेले, दिलीप पलैया, आनंद प्रजापति, मातादीन प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# अग्र मिलन की 472वीं बैठक रविवार को

**ग्वालियर।** अग्र मिलन ग्रेटर ग्वालियर की 472वीं साप्ताहिक बैठक एवं मिनी परिचय सम्मेलन रविवार 21 अप्रैल को प्रातः 8.30 से 10 बजे तक सुनील अग्रवाल (चार्टर्ड अकाउंटेंट) के किला गेट ग्वालियर के पास गोल पाड़ा में मुंबई वालों की बिल्डिंग के बगल में स्थित मकान पर रखी गई है। डा. रामबाबू गोयल ने बैठक में आने वाले सभी अग्रबंधुओं से विवाह योग्य बच्चों के बायोडाटा लाने की अपील की है।

# जेयू में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

ग्वालियर। जिस तरह से ग्राहक बाजार का राजा होता है लगभग वही स्थिति लोकतंत्र में वोटर की है। जब ग्राहक जागरूक हो तो बाजार ग्राहक के अनुसार चलता है, उसी तरह जैसे-जैसे मतदान प्रतिशत बढ़ता है लोकतंत्र भी परिपक्व एवं मजबूत होता है। संविधान ने हमें वोट डालने का अधिकार दिया है, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। यह बात जेयू के कुलानुशासक प्रो.एसके सिंह ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों से कही। इसके साथ-साथ कुलानुशासक ने छात्रों को रैगिंग के दुष्परिणामों से भी अवगत कराया एवं उन्हें आगाह किया कि रैगिंग से दूर रहें और किसी भी अप्रिय स्थिति में प्रोक्टोरियल बोर्ड एवं एन्टी रैगिंग कमेटी के सदस्यों को तुरन्त सूचित करें। कार्यक्रम के दौरान प्रसन्नजीत रॉय, संकल्प परसेडिया, सुनीता चौहान, मोहम्मद जमाल अयूबी, उर्मिला यादव, मोनिका मौर्य एवं नीलम खत्री उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# संकल्प के सवाल

कांग्रेस द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बाद अब सत्तारूढ़ भाजपा ने भी अपना संकल्प पत्र जारी किया है। पार्टी ने वंचित समाज को केंद्र में रखकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को अपने संकल्प पत्र को जारी करने के दिन के रूप में चुना। संदेश देने का प्रयास किया कि उसे देश के वंचित समाज के अहसासों की फिक्र है। दो कार्यकालों में रीति-नीतियों के अनुरूप अंदाजा लगाना कठिन न था कि भाजपा के घोषणापत्र का खाका क्या होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पार्टी प्रधानमंत्री की छवि और पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर चुनावी मैदान में है। इस घोषणापत्र में नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की बानगी नजर आती है। ऐसे वक्त में जब पिछले कार्यकालों में भाजपा अपने दो मुख्य मुद्दों अनुच्छेद 370 हटाने व राममंदिर बनाने के वायदे को पूरा कर चुकी है तो जाहिर है नागरिक संहिता का मुद्दा उसकी प्राथमिकता में होना ही था। जो, इस घोषणा पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित है। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव, गरीबों को पांच साल तक मुफ्त राशन, सत्तर साल से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा, तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना, पेपर लीक रोकने के लिए कड़ा कानून लाना, तीन करोड़ गरीबों को घर उपलब्ध कराना, बीस लाख तक का मुद्रा लोन उपलब्ध कराना, किसान निधि को जारी रखना आदि के वायदे किए हैं। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि भाजपा ने 2019 के घोषणापत्र में भी यूसीसी, साठ साल से अधिक के दुकानदारों व किसानों को पेंशन, एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसे वायदे किये थे। हालांकि, ऐसी तमाम योजनाओं को लेकर 'मोदी की गारंटी' का दावा पार्टी की तरफ से किया जाता रहा है। ये आने वाला वक्त बताएगा कि पार्टी किस हद तक अपने वायदों को हकीकत में बदल पाने में सक्षम होती है। जो उसे मिले जनादेश के आकार पर भी निर्भर करेगा।

बहरहाल, अब किसी दल का संकल्प पत्र हो या न्याय पत्र, इसमें किये गये वायदों की तार्किकता पर विचार किया जाना जरूरी है। हाल के वर्षों में राजनीतिक दलों ने वायदों के रूप में जितने जुमले उछाले हैं, उनसे जनता का लगातार मोहभंग होता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे संसाधन सीमित हैं! ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था की सीमाओं के मद्देनजर ही राजनीतिक दलों को अपने वायदों को घोषणापत्र के रूप में सामने रखना चाहिए। देश की तरक्की मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से नहीं हो सकती। हमारी नीतियां देश में उत्पादकता बढ़ाने वाली होनी चाहिए। हम कमजोर वर्गों का ध्यान रखें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता बनायें। सभी राजनीतिक दलों को देश की मुख्य समस्याओं बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई दूर करने तथा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने पर जोर देना चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बड़े सामाजिक वर्ग के लिये लायी जाने वाली बीमा योजना से लक्षित समाज के बजाय बीमा कंपनियां मालामाल होती रही हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में निजी चिकित्सालयों के लिये ये बीमा योजनाएं कामधेनु बन रही हैं। सभी राजनीतिक दलों को देश के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्कूलों तक को सशक्त करने का प्रयास करना चाहिए। भारत विविधता की संस्कृति का देश है। सामाजिक समरसता के लिये जरूरी है कि जाति, धर्म व क्षेत्र से परे विकास के लक्ष्य तैयार किये जाएं। राजनीतिक दलों को इस युवाओं के देश के लिये ऐसी क्रांतिकारी योजनाएं लाने की जरूरत है जो हर हाथ को काम दे सकें। आखिर क्यों हमारी युवा पीढ़ी में विदेश भागने की होड़ लगी है। हम उन्हें देश में अनुकूल शिक्षा व बेहतर रोजगार की स्थितियां उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें एजेंटों के माध्यम से लुटने-पिटने को मजबूर न होना पड़े। पर्यावरण का संकट हमारे देश के सामने लगातार चुनौती पैदा कर रहा है। जहरीली हवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं। बेहतर हो कि राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े मुद्दों को अपने न्याय व संकल्प पत्रों में केंद्र में रखें।

# बेरुखी छोड़कर किसानों की सुनवाई करे हुकूमत

किसी भी हालत में, भारती किसान यूनियन (बीकेयू) के विभिन्न गुटों ने, जिन्होंने 2020-21 में नई दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था, जिसके परिणामस्वरूप तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लिया गया था, उन्होंने किसानों से उम्मीदवारों का विरोध करने की अपील की है। वे उनके द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों के जवाब मांग रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पंजाब के किसानों से भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के समक्ष सवाल उठाने की अपील की है।

पंजाब और हरियाणा में, जो किसानों के विरोध का केंद्र है, आंदोलित किसान गांवों में सत्ताधारी पार्टी के उम्मीदवारों के प्रवेश को रोक रहे हैं, जिससे भाजपा उम्मीदवारों को वोट मांगने में मुश्किल पैदा हो रही है। वे अक्सर कहते हैं- 'अगर आपने नई दिल्ली जाने का हमारा रास्ता रोका, तो हम अपने गांवों में आपकी एंट्री रोक देंगे।' इतना ही नहीं, हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन सरकार बनाने वाली जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की माता नैना चौटाला ने किसानों से गुजारिश की कि उन्हें उनके बेटे के गांवों में प्रवेश को नहीं रोकना चाहिए। वहीं उन्होंने किसानों से कहा, 'भाजपा राज्य और केंद्र दोनों में सत्ता पर काबिज है। इसके अलावा, दुष्यंत ने लगातार कृषक समुदाय की वकालत की है, यहां तक ??कि हिसार से सांसद के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान भी।' साथ ही नैना चौटाला ने मसले को हल करने के लिए बातचीत में शामिल होने के लिए उनका स्वागत किया। हिसार के नारा, गामरा, खानपुर और सिंधर गांवों में प्रचार करने पहुंचे दुष्यंत चौटाला को किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भाजपा के हिसार से उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला को किसानों के एक समूह से भिड़ने के बाद एक गांव में एक सभा बीच में ही छोड़नी पड़ी और चुनाव संबंधी एक अन्य कार्यक्रम भी रद्द करना पड़ा। सिरसा से चुनाव लड़ रहे अशोक तंवर को भी अपने प्रचार के दौरान किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा है।

बीजेपी सांसद और रोहतक से उम्मीदवार अरविंद शर्मा को कोसली विधानसभा क्षेत्र के एक गांव से कार्यक्रम छोड़कर जाना पड़ा क्योंकि स्थानीय लोगों ने उनकी बात सुनने से इनकार कर दिया। उनके दौरों के कई वीडियो में दिखाया गया है कि किस तरह से ग्रामीणों ने नेताओं के साथ धक्का-मुक्की और कटाक्ष किये, जिसके बाद तीखी नोकझोंक हुई और कई स्थानों पर उम्मीदवारों को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। मिसाल के तौर पर, सोनीपत से उम्मीदवार मोहन लाल बडोली को जींद जिले में कुछ स्थानों पर इसी तरह का विरोध झेलना पड़ा। वहीं वीडियो क्लिप से पता चलता है कि कैसे गुस्साए किसानों की रणजीत चौटाला के साथ तीखी बहस हुई। कई नेताओं ने तो ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के उन गांवों को नजरअंदाज कर दिया जहां उन्हें विरोध होने का डर है। पड़ोसी पंजाब में, भाजपा उम्मीदवार हंस राज हंस को बठिंडा के पास रामपुरा फूल में किसानों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। जहां पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए बैरियर लगाए थे, वहीं पुलिस के साथ झड़प हो गई। इसी तरह पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह की पत्नी प्रणीत कौर को भी किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिका में पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू, जो अब अमृतसर सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, को भी अपने चुनाव अभियान के दौरान नारेबाजी करने वाले किसानों का सामना करना पड़ा। वास्तव में, समाचार रिपोर्टों में कहा गया है कि किसानों ने करीब 60 गांवों में भाजपा उम्मीदवारों के प्रवेश को रोक दिया है। किसान नेताओं का कहना है कि उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से उन वायदों के बारे में सवाल करने को कहा है जो अधूरे रह गए। उनका दावा है कि इस तरह के विरोध प्रदर्शन पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों और कुछ हद तक राजस्थान में हो रहे हैं। कई गांवों में तो भाजपा प्रत्याशियों के प्रवेश पर प्रतिबंध के बोर्ड लग गए हैं।

जहां भाजपा इन विरोध प्रदर्शनों के आयोजन के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी यानी आप को जिम्मेदार ठहरा रही है, वहीं आप उम्मीदवारों को भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। फसल में हुए नुकसान का मुआवजा न मिलने पर किसान आम आदमी पार्टी के बठिंडा शहरी विधायक के आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। जबकि भाजपा इन विरोध प्रदर्शनों को कमतर आंक रही है, लेकिन उसे चिंता हो रही है कि यहां बन रही खिलाफत की गति यदि इन विरोध प्रदर्शनों को अन्य राज्यों तक फैलाती है, तो क्या यह सत्तारूढ़ पार्टी की जीत की संभावनाओं को रोकने में मददगार बनेगी।

किसी भी हालत में, भारती किसान यूनियन (बीकेयू) के विभिन्न गुटों ने, जिन्होंने 2020-21 में नई दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था, जिसके परिणामस्वरूप तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लिया गया था, उन्होंने किसानों से उम्मीदवारों का विरोध करने की अपील की है। वे उनके द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों के जवाब मांग रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पंजाब के किसानों से भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के समक्ष सवाल उठाने की अपील की है।

सबको मालूम है कि कृषि क्षेत्र लगातार गहरा रहे खेती के संकट से जूझ रहा है। लेकिन किसानों का गुस्सा काफी हद तक काहिली और निष्ठुरता के परिणामस्वरूप पैदा उदासीनता को लेकर है। हर चुनाव - चाहे राज्य स्तर पर हो या केंद्र स्तर पर ङ्क किसानों को लुभाने के लिए बहुत सारे वादे किए जाते हैं। साल 2014 में, यह आम तौर पर स्वीकार किया जाता है कि जब नरेंद्र मोदी ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने का वादा किया था, तो किसानों ने भाजपा के पक्ष में भारी मतदान किया था। उन्होंने स्वामीनाथन आयोग द्वारा सुझाए गए एमएसपी नुस्खे का पालन करने की आवश्यकता पर स्पष्ट रूप से बात की थी। लेकिन, किसान यूनियनों का कहना है कि एक बार सत्ता में आने के बाद, सरकार ने वास्तव में सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया था जिसमें कहा गया कि एमएसपी को कानूनी बनाना संभव नहीं है क्योंकि यह बाजारों की व्यवस्था बिगाड़ देगा।

जिस तरह से तीन कथित 'काले' कृषि कानून पेश किए गए और फिर संसद के जरिये पारित किए गए, उससे भी किसान समुदाय नाराज है। लंबे समय तक चले विरोध के बाद आखिरकार कानूनों को वापस ले लिया गया। लेकिन अभी भी पिछले दरवाजे से इन कानूनों को वापस लाने की कोशिश की जा रही है। इससे भी बदतर, नई दिल्ली तक किसानों के मार्च को रोकने के लिए हाईवे की किलेबंदी के हालिया प्रयास, और आंदोलनकारी किसानों पर आंसू गैस के गोले फेंकने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करने से किसानों की पीड़ा बढ़ गयी है। गांवों में नेताओं की एंट्री रोककर किसान समूहों द्वारा की गयी प्रतिक्रिया उनके साथ हो रहे अनुचित व्यवहार पर बढ़ते आक्रोश का प्रतिबिंब है।

## आज का इतिहास

- जियोवान्नी वेराजानो ने 1524 में न्यूयॉर्क खाड़ी की खोज की।
- सर नेविले चैंबरलिन ने 1875 में स्नूकर का अविष्कार किया।
- चीन और जापान के बीच 1895 में शिमोनोसेकी का समझौता हुआ।
- कलकत्ता को 1899 में पनबिजली मिली।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1941 में यूगोस्लाविया ने जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- सीरिया ने 1946 में फ्रांस से आजादी मिलने की घोषणा की।
- लीबिया, मिस्र और सीरिया ने 1971 में मिल कर यूनाइटेड अरब स्टेट बनाने के लिए संघ का गठन किया।
- सन 1977 में स्वतंत्रता पार्टी का जनता पार्टी में विलय।
- कनाडा ने 1982 में संविधान अपनाया।
- अमेरिका ने 1982 में नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
- भारत ने 1983 में 卐एसएलवी-3卐 राकेट का प्रक्षेपण किया।
- सन 1986 में सिसली और नीदरलैंड देशों के बीच युद्ध की स्थिति को खत्म करने की घोषणा करते हुए शांति बहाल की।
- अंतरिक्ष यान 卐एसटीएस-56卐 डिस्कवरी 1993 में धरती पर वापस लौटा।
- पाकिस्तान में बाल मज़दूरी को समाप्त करने वाले युवा कार्यकर्ता इक़बाल मसीह की 1995 में हत्या हुई ।
- लगभग 55 वर्षों बाद 2003 में भारत-ब्रिटेन संसदीय मंच का गठन हुआ।
- 2014 के एशियाड के लिए 2007 में दक्षिण कोरिया को मेजबानी मिली।
- ब्राजील व भारत के बीच 2008 में चार महत्त्वपूर्ण संधी पर हस्ताक्षर किये गए।
- प्रसिद्ध कोलंबियाई उपन्यासकार ग्रैबिएल मार्क़ेज का 2014 में निधन।
- श्रीलंका के महानतम खिलाड़ी मुथैया मुरलीधरन का जन्म 1947 में हुआ।
- संत आसाराम बापू का जन्म 1941 को हुआ।
- भारत के बिलियर्ड्स और स्नूकर गीत सेठी का जन्म 1961 को हुआ।
- अंग्रेज़ प्राच्य विद्यापंडित और विधिशास्त्री तथा प्राचीन भारत संबंधी सांस्कृतिक अनुसंधानों के प्रारम्भकर्ता विलियम जोंस का 1794 में निधन।
- उड़िया भाषा और साहित्य के प्रमुख कवि राधानाथ राय का 1908 में निधन।
- भारत के समाज सुधारक वी. एस. श्रीनिवास शास्त्री का 1946 में निधन।
- भारत के द्वितीय राष्टपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का 1975 में आज ही दिन निधन।
- राजनीतिज्ञ एवं साहित्यकार उत्तर प्रदेश एवं हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे विष्णु कांत शास्त्री का 2005 में निधन हुआ।

# पूर्वोत्तर भारत कितना समर्थन देगा भाजपा को

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुंचती हैं वह तैयार है लोकसभा चुनावों में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है तो 25 सीटें भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है।

अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पार्टी को पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका अपवाद है और वहाँ भी गृह मंत्रालय कोई ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है।

पूर्वोत्तर की 7 सिस्टर्स राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21सीटें मिलीं थीं। भाजपा अब की बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है। अभी तक इंडिया गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनावों में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपने वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। मणिपुर में हालांकि केवल 2 लोक सभा की सीटें हैं लेकिन मोदी सरकार के लिए वहां के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है। क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है। इसकी लगातार कोशिश गृहमंत्री अमित शाह कर भी रहे हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था। पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। गृह मंत्री अमित शाह कहते हैं कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की नीतियां समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की रही थी। जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुई। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई। मोदी सरकार के आने के बाद असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर पूर्णतः सहमत हुआ। अमित शाह कहते रहे हैं कि उग्रवादी बहकाए हुए लोग हैं। इन्हें अगर रोजगार के अवसर और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा नए भारत की तस्वीर दिखाई जाए तो यह हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे और मुख्य धारा में शामिल होने के लिए आगे आएंगे। उल्फा के कैडरों का आत्मसमर्पण इसी विश्वास का परिणाम है। शाह की नीतियों की यह सफलता ही है कि पूरे नॉर्थ ईस्ट में 9000 से ज्यादा उग्रवाद पर चल रहे कैडरों ने समर्पण किया है।

पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5जी कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहाँ के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी में जबर्दस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं। पूर्वोत्तर के कई हिस्से पहली बार रेल सेवा से जुड़ रहे हैं। आजादी के 75 साल के बाद मेघालय भारत के रेल नेटवर्क पर आया। नागालैंड को 100 साल बाद अब अपना दूसरा रेलवे स्टेशन मिला। पहली मालगाड़ी मणिपुर के रेलवे स्टेशन पहुंची। सिक्किम को पहला हवाई अड्डा मिला।

# उलझे समीकरणों के बीच संभव नहीं कामयाबी दोहराना

इसी तरह चूरू में भी भाजपा की चुनावी लड़ाई कठिन राह पर है क्योंकि भाजपा के सांसद राहुल कांसवा, जिन्हें पार्टी का टिकट नहीं मिला, कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। वे पैरा-ओलंपियन देवेंद्र झाझरिया को चुनौती दे रहे हैं। भाजपा के पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, जो चूरू जिले से थे, पिछले साल विधानसभा चुनाव हार गए, उन्हें इस सीट के लिए उम्मीदवार नहीं माना गया था। उनकी इस सीट पर बड़ी निर्णायक भूमिका होगी।

राजस्थान में आसन्न लोकसभा चुनावों में भले राजनीतिक दल अपने-अपने दावे कर रहे हों, लेकिन स्थितियां पिछले आम चुनाव जैसी नहीं हैं। वह बात अलग है कि 2014 और 2019 में सभी 25 सीटों पर भाजपा ने कामयाबी हासिल की थी।

एक तरफ भाजपा राज्य में हैट्रिक बनाने की पूरी कोशिश कर रही है लेकिन चुनावी मैदान में उसकी राह पहले जितनी आसान भी नहीं है। ?इस बार 25 लोकसभा सीटों में से बारह पर आमने-सामने का चुनावी मुकाबला कांटे का होता नजर जा रहा है। राज्य की 12 सीटों पर पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को और 13 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। भाजपा के स्टार प्रचारक अपना मुख्य लक्ष्य राज्य के चार केंद्रीय मंत्रियों भूपेन्द्र यादव, अलवर, बाड़मेर में कैलाश चौधरी, जोधपुर में गजेंद्र सिंह शेखावत, बीकानेर में अर्जुन राम मेघवाल और कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्रों में स्पीकर ओम बिरला पर केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा 25 में से 12 सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। ये सीटें हैं बांसवाड़ा, झुंझुनू, टोंक-सवाईमाधोपुर, बाड़मेर, नागौर, कोटा-बूंदी, जालौर, सीकर, दौसा, चूरू, अलवर और जयपुर। बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस असमंजस में है क्योंकि उसके उम्मीदवार अरविंद डामोर ने इंडिया ब्लॉक के भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) के उम्मीदवार व राजस्थान में मौजूदा विधायक राजकुमार रोत के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। कांग्रेस और बीएपी दोनों पूरी तरह असमंजस में हैं कि क्या इंडिया गठबंधन के मानदंडों का पालन किया जाए या स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा जाए। भाजपा बाड़मेर, झुंझुनू, चूरू, नागौर और कोटा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मुश्किल स्थिति में है, जहां पार्टी को अपने पार्टी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के लिए कोटा-बूंदी सीट पर हैट्रिक लगाना आसान नहीं होगा। हाल ही में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रहलाद गुंजल के पास बहुमत के साथ गुर्जर, मीना और अल्पसंख्यक वोट हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के अंदरूनी समर्थन द्वारा बिरला की बेचैनी बढ़ा दी है।

इसी तरह चूरू में भी भाजपा की चुनावी लड़ाई कठिन राह पर है क्योंकि भाजपा के सांसद राहुल कांसवा, जिन्हें पार्टी का टिकट नहीं मिला, कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। वे पैरा-ओलंपियन देवेंद्र झाझरिया को चुनौती दे रहे हैं। भाजपा के पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, जो चूरू जिले से थे, पिछले साल विधानसभा चुनाव हार गए, उन्हें इस सीट के लिए उम्मीदवार नहीं माना गया था। उनकी इस सीट पर बड़ी निर्णायक भूमिका होगी।

नागौर लोकसभा सीट एक अन्य प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र है, जहां भाजपा के पूर्व गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल, जो अब इंडिया ब्लॉक पार्टनर बन गए हैं, भाजपा की ज्योति मिर्धा, जो कांग्रेस से भाजपा में आई हैं, के लिए कड़ा चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस से टिकट की उम्मीद कर रहे निर्दलीय उम्मीदवार रवींद्र सिंह भाटी ने केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी (भाजपा) और कांग्रेस के उमेदाराम बेनीवाल के साथ बाड़मेर लोकसभा सीट को त्रिकोणीय बना दिया है। भाजपा के प्रमुख संत सुमेधानंद सरस्वती सीकर निर्वाचन क्षेत्र में सीपीआई-एम के इंडिया ब्लॉक पार्टनर अमराराम, जो कांग्रेस के खुले समर्थन वाले किसान नेता हैं और आसपास के जिलों श्रीगंगानगर और हनुमागढ़ के साथियों के खिलाफ कड़ा चुनावी अभियान चला रहे हैं।

कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने बेटे वैभव गहलोत के लिए पिछले एक महीने से राजस्थान के पश्चिमी जिलों में चुनाव प्रचार कर रहे हैं, जो जालोर सीट पर भाजपा के नए आरएसएस प्रमुख लुंबा राम चौधरी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वैभव जोधपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत, जो अब केंद्रीय मंत्री हैं, से 4 लाख वोटों के भारी अंतर से हार गए थे।

भाजपा की जयपुर-शहर सीट भाजपा के पूर्व मंत्री भंवर लाल शर्मा की बेटी मंजू शर्मा के लिए आसान नहीं है। कांग्रेस के पूर्व मंत्री और कद्दावर युवा नेता प्रताप सिंह खाचरियावास रोजाना सड़कों और शहर में घूम-घूमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

# प्रेम के बगैर नहीं उभरतीं रंगों की छटाएं

दरअसल आज विश्व कला दिवस है और कला के बगैर जिंदगी की संपूर्णता के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। विभिन्न स्वरूपों में कला हर व्यक्ति में होती है, कोई अभिव्यक्त कर पाता है और कोई नहीं। गांव में गोबर से मांडना बनाना हो या फिर दिवाली पर रंगोली रचना, ये सब कला का ही स्वरूप है। मैं खुद जब पेंटिंग करने बैठता हूं या कोरे कागज पर कविता लिखने लगता हूं तो रचनाशीलता किस तरह मुखर हो उठती है, मुझे इसका भान भी नहीं रहता।

मैं जब भी अपने दफ्तर में घुसता हूं तो मशहूर पेंटर सैयद हैदर रजा द्वारा बनाया गया एक रेखाचित्र बार-बार मेरा ध्यान खींचता है। उस पर लिखा वाक्य अनमोल है, 'बिन्दु' अतल शून्य की अनंत संभावनाएं, यह रेखाचित्र रजा साहब की याद तो दिलाता ही है, मेरे भीतर का कलाकार मचल उठता है। कैनवास पर कूची से खेलना और कविता के माध्यम से अभिव्यक्ति मुझे सुकून देता है। आप सोच रहे होंगे कि अचानक मैं पेंटिंग और कविता की बात क्यों करने लगा?

दरअसल आज विश्व कला दिवस है और कला के बगैर जिंदगी की संपूर्णता के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। विभिन्न स्वरूपों में कला हर व्यक्ति में होती है, कोई अभिव्यक्त कर पाता है और कोई नहीं। गांव में गोबर से मांडना बनाना हो या फिर दिवाली पर रंगोली रचना, ये सब कला का ही स्वरूप है। मैं खुद जब पेंटिंग करने बैठता हूं या कोरे कागज पर कविता लिखने लगता हूं तो रचनाशीलता किस तरह मुखर हो उठती है, मुझे इसका भान भी नहीं रहता। मैंने बहुत से कलाकारों को करीब से जाना है। कविवर सुरेश भट्ट की रचनाओं को पढ़िए तो अचंभित रह जाते हैं। कला हर बंधन से परे है, इसीलिए तो पेंटर मकबूल फिदा हुसैन पांडुरंग की आराधना के रंग में रंगे थे, अदृश्य को दृश्यमान बना देने की अनंत संभावनाएं कला में होती हैं।

वैसे ही जैसे शून्य के बायीं ओर अंक का आधार स्थापित होते ही उसका मूल्य बढ़ता चला जाता है। इसीलिए तो रजा साहब ने रेखाचित्र बनाते हुए लिखा 'बिन्दु' अतल शून्य की अनंत संभावनाएं, राजा रवि वर्मा ने कल्पना के आधार पर देवी-देवताओं के चित्र बनाए लेकिन आज वो चित्र सर्वमान्य हो चुके हैं। कला की असीम संभावनाओं को मैंने कोविड के दौर में महसूस भी किया, कोविड की भयावहता ने जब सभी को घर में कैद कर दिया तो मैं कोई अपवाद नहीं था। मैं जानता था कि अकेलापन व्यक्ति को खोखला कर सकता है इसलिए कोविड के उस पूरे दौर में मैंने पेंटिंग और काव्य रचना को अपना साथी बनाया, सामान्य दिनों में भी मैं कितना भी व्यस्त रहूं, पेंटिंग से किसी न किसी रूप में जुड़ा रहता हूं। कोविड शुरू होने से तीन महीने पहले मैंने देश के मशहूर पेंटिंग कलाकारों को ताड़ोबा के मनोरम अभयारण्य में एक सप्ताह के लिए एकत्रित किया था। हम सभी ने वहां प्रकृति के हर रंग को अपनी कूची से अभिव्यक्त किया। इन सबकी याद मैं आपको इसलिए दिला रहा हूं ताकि बता सकूं कि कला का जीवन में कितना महत्व है और हां कला का स्वरूप चाहे कुछ भी हो लेकिन उसका सीधा संबंध प्रेम से है। प्रेम के भाव न हों तो रंगों की छटाएं अभिव्यक्त हो ही नहीं सकती। कलाकार के लिए मन की शुद्धता, निर्मलता, दूरदृष्टि, ईमानदारी और क्षमा का भाव होना अत्यंत आवश्यक तत्व है। जिस तरह से हम मंदिर जाने के पहले पूजा की तैयारी करते हैं। वैसी ही जरूरत कला की अभिव्यक्ति में भी होती है। कला पूजन है, मेडिटेशन है। कोई कलाकार अपनी पेंटिंग आपको दिखा रहा हो तो उसकी आंखों में देखिएगा, पूजा जैसा भाव दिखाई देगा। यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि कला की व्यापकता शायद उतनी ही है जितनी इस संपूर्ण ब्रह्मांड की। विज्ञान की तमाम उपलब्धियों के बावजूद हम अपनी सृष्टि को रेत के कण जितना भी नहीं जान पाए हैं। कला के क्षेत्र में भी यही बात कही जा सकती है, यदि हम केवल पेंटिंग की ही बात करें तो दुनिया में इतने सारे कलाकार हैं लेकिन विषय एक होने पर भी किसी की भी पेंटिंग किसी से नहीं मिलती। हर किसी के पास अपना नजारा और अपना नजरिया है। ऐसे भी उदाहरण मौजूद हैं कि कलाकार की किसी पेंटिंग का दृश्य कई सौ वर्षों बाद साकार हुआ है। कला दिवस जिन लिओनार्दो दा विंची के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है, वे ऐसे ही एक महान कलाकार थे। उन्हें हम सब मोनालिसा की पेंटिंग के लिए जानते हैं जिसकी अलौकिक मुस्कान की कोई आज भी नकल नहीं कर पाया है। पेरिस के लुविरे संग्रहालय में मैंने 500 साल से ज्यादा पुरानी इस पेंटिंग को करीब से देखा है। ये पेंटिंग एक खास तरह के शीशे में रखी गई है जो न चमकती है और ऐसी है कि कभी टूटे नहीं।



■ हैदराबाद-बेंगलुरु मैच में बने रिकॉर्ड 549 रन

# RCB ने दूसरी इनिंग में IPL का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, सबसे ज्यादा बाउंड्री लगीं

मुंबई ● एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में सोमवार रात हुए हाई स्कोरिंग मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को 25 रन से हराया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। SRH ने 20 ओवर में 3 विकेट गंवाकर 287 रन बनाए। RCB ने दूसरी पारी में 7 विकेट खोकर 262 रन बनाए और टारगेट चेज करने में असफल रही।

मैच में कुल 549 रन बने, जो टी-20 इतिहास में सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले SRH और MI के बीच मैच में 523 रन बने थे। SRH ने IPL का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया, टीम ने अपना ही 19 दिन पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। 27 मार्च को टीम ने MI के खिलाफ 277 रन बनाए थे।

वहीं, दूसरी इनिंग्स में RCB ने टी-20 क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टीम ने इसी सीजन MI के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। मैच में रनों के साथ ही सबसे ज्यादा बाउंड्री भी लगीं।

सनराइजर्स हैदराबाद ने RCB के खिलाफ 22 सिक्स लगाकर एक IPL इनिंग्स में सबसे ज्यादा



छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया। टीम ने RCB का रिकॉर्ड तोड़ा साल 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ मुकाबले में टीम ने 21 सिक्स लगाए थे। यह रिकॉर्ड भी बेंगलुरु में ही बना था।

**टी-20 क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर**

SRH ने RCB के खिलाफ प्रोफेशनल टी-20 क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टीम ने अफगानिस्तान का रिकॉर्ड तोड़ा। साल 2019 में अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ (278/3) बनाया था। इस मैच में हजरतुल्लाह जाजई ने 16 छक्कों की मदद से 162* रन बनाए थे। टी-20 क्रिकेट में सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड नेपाल के नाम है। साल 2023 में ही नेपाल ने मंगोलिया के खिलाफ एशियन गेम्स में 314 रन बनाए थे।

**IPL का सबसे बड़ा स्कोर बना**

स्त्र्र ने IPL का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। RCB के खिलाफ टीम ने 287 रन बनाए। SRH ने अपना ही रिकॉर्ड महज 19 दिन में तोड़ दिया। इसी IPL में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम ने 277 रन बनाए थे। इससे पहले साल 2013 में RCB ने पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ 263 रन बनाए थे। इसमें क्रिस गेल ने 175 रन की नाबाद पारी खेली थी। गेल का IPL की एक इनिंग में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड आज भी कायम है।

**रीस टॉपली ने किया IPL में तीसरा सबसे महंगा स्पेल**

RCB के गेंदबाज रीस टॉपली ने IPL में तीसरा सबसे महंगा स्पेल फेंका। टॉपली ने 4 ओवर में कुल 68 रन दिए। IPL का सबसे महंगा स्पेल SRH के बसिल थंपी के नाम है। साल 2018 में SRH प्लेयर थंपी के खिलाफ RCB के बैटर्स ने 70 रन बनाए थे।

# RCB 10वें पर बरकरार, सिक्सर किंग बने क्लासन, कोहली टॉप स्कोरर



इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 17वें सीजन में लीग स्टेज के 30 मैच खत्म हो चुके हैं। RCB 7 मैच खेलने वाली पहली टीम बनी, लेकिन टीम 6 मुकाबले हारकर पॉइंट्स टेबल में 10वें नंबर पर है। दूसरी ओर बेंगलुरु को 25 रन से हराने के बावजूद सनराइजर्स नंबर-4 पर ही मौजूद है, हालांकि उनके 2 पॉइंट्स जरूर बढ़ गए।

SRH के हेनरिक क्लासन के 6 मैचों में सबसे ज्यादा 24 छक्के हो गए। वहीं RCB के विराट कोहली टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर हैं।

**8 पॉइंट्स के साथ टॉप-4 में कायम SRH**

सोमवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराया। SRH ने पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट गंवाकर 287 रन बनाए। RCB ने भी 7 विकेट खोकर 262 रन बना दिए, लेकिन टीम मैच नहीं जीत सकी।

SRH के अब 6 मैचों में 4 जीत और 2 हार से 8 पॉइंट्स हो गए। टीम पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर है। KKR और CSK के भी 8-8 पॉइंट्स ही हैं, लेकिन खराब रन रेट के कारण हैदराबाद इनसे नीचे हैं।

RCB को 7 मैचों में एकमात्र जीत पंजाब किंग्स के खिलाफ होमग्राउंड पर मिली थी। इस जीत के 2 पॉइंट्स लेकर भी टीम 10वें नंबर पर ही कायम है। अब टीम को क्वालिफाई करने के लिए सभी मैच जीतने ही होंगे।

**ऑरेंज कैप अब भी विराट के पास**

RCB के विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में अब भी सबसे आगे हैं। उनके नाम 7 मैचों में 361 रन हैं। SRH के हेनरिक क्लासन 253 रन के साथ छठे नंबर पर पहुंच गए। आज RR के रियान पराग 78 और संजू सैमसन 96 रन बनाकर टॉप पर पहुंच सकते हैं।

# किसी कमेंटेटर को इतनी अच्छी बल्लेबाजी करते कभी नहीं देखा, कार्तिक के मुरीद हुए पीटरसन



मुंबई ● एजेंसी

अनुभवी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी 83 रनों की उल्लेखनीय पारी से प्रशंसकों और साथी क्रिकेटरों को आश्चर्यचकित कर दिया। कार्तिक ने 35 गेंदों पर विस्फोटक 83 रन बनाए जिसमें पांच चौके और सात छक्के शामिल थे। उनकी इस पारी ने केविन पीटरसन को उनका मुरीद बना दिया। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने केविन पीटरसन कार्तिक के प्रदर्शन से खासे प्रभावित दिखे। अपनी कमेंट्री के दौरान पीटरसन ने कहा, %कभी किसी कमेंटेटर को इतनी अच्छी बल्लेबाजी करते नहीं देखा।% कार्तिक ने एक खिलाड़ी और एक कमेंटेटर दोनों के रूप में दोहरी भूमिका निभाई है। क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी पीटरसन की यह सराहना कार्तिक की स्थायी प्रतिभा और अनुकूलनशीलता के बारे में बहुत कुछ कहती है। मैच की बात करें तो बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गए मुकाबले में आईपीएल इतिहास के सबसे ज्यादा रन बने। हैदराबाद ने पहले खेलते हुए ट्रेविस हेड के शतक, हेनरिक क्लासेन के अर्धशतकों की मदद से 287 रन बनाए थे। जवाब में अरसीबी की टीम 7 विकेट खोकर 262 रन ही बना पाई और 25 रन से मुकाबला गंवा दिया। दोनों टीमों ने कुल 549 रन बनाए जोकि नया रिकॉर्ड भी है। इस हार के साथ ही बेंगलुरु के लिए प्लेऑफ में जाने की उम्मीदें धुंधली हो गई हैं। वहीं, हैदराबाद 6 मैचों में 4 जीत के साथ अंक तालिका में टॉप 5 में आ गई है।

# ग्लेन मैक्सवेल ने बीच IPL में लिया ब्रेक: बोले-मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार होने के बाद करेंगे वापसी

मुंबई ● एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने IPL 2024 से कुछ समय के लिए ब्रेक ले लिया है। हालांकि, वह कब तक वापसी करेंगे, यह स्पष्ट नहीं है। मैक्सवेल ने मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को रेस्ट देने के लिए ऐसा किया है।

**शुरुआती मैचों में मैक्सवेल का प्रदर्शन बेहतर नहीं**

मैक्सवेल का IPL 2024 में अब तक खेले मैचों में प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा है। उन्होंने इस सीजन के खेले 6 पारियों में केवल 32 रन बनाए, जिसमें तीन बार वह जीरो पर आउट हुए। हालांकि, IPL में आने से पहले वह जबरदस्त फॉर्म में थे। उन्होंने पिछले साल के नंवबर से IPL शुरू होने तक खेले 17 टी-20 मैचों में 42.46 की औसत और185.85 स्ट्राइक रेट से 552 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने दो शतक भी लगाए थे।

**SRH के खिलाफ खुद को प्लेइंग इलेवन से बाहर करने का किया अनुरोध**

IPL के शुरुआती मैचों में खराब प्रदर्शन की वजह



से ही उन्होंने सोमवार को हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच से खुद को बाहर कर लिया था। ग्लेन मैक्सवेल ने बताया कि उन्होंने सनराइजर्स के खिलाफ मैच से खुद ही हटने का फैसला इसलिए किया क्योंकि उन्हें लग रहा था कि वो सकारात्मक योगदान नहीं दे पा रहे हैं। मैक्सवेल ने कहा, शुरुआती मैचों में मेरा प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा। ऐसे में ये फैसला लेना मेरे लिए आसान था। मैंने पिछले मैच के बाद कप्तान फाफ डु प्लेसिस और कोचों से बात की और कहा कि किसी और खिलाड़ी को मौका देना चाहिए। मैं पहले भी ऐसी स्थिति में रहा हूं, जहां आप खेलते रहते हैं और खुद को और मुश्किल में डाल लेते हैं। अभी यही सही समय है कि मैं खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से आराम दूं।

**किसी और को मौका देना सही**

मैक्सवेल ने आगे कहा कि टीम के प्रदर्शन को देखते हुए ये फैसला आसान था। हमारी टीम उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर रही है। मेरा खुद का प्रदर्शन भी टीम के प्रदर्शन को ही दर्शाता है। पावरप्ले और बीच के ओवरों में हम पिछले कुछ सीजन में काफी अच्छा प्रदर्शन करते थे, लेकिन इस बार काफी कमी रह गई है। मुझे लगा कि मैं पॉजिटिव योगदान नहीं दे पा रहा हूं। उसे देखते हुए किसी और खिलाड़ी को मौका देना सही होगा। उम्मीद है कि कोई नया खिलाड़ी इस जगह पर अच्छा प्रदर्शन कर पाएगा।

**लीग में वापसी की पूरी उम्मीद**

ग्लेन मैक्सवेल को उम्मीद है कि जल्दी वह मानसिक और शारीरिक रूप से फिर से IPL में खेलने के लिए तैयार कर लेंगे। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट से पहले के 6 महीने मेरे क्रिकेट करियर के सबसे बेहतरीन महीनों में से थे। इसलिए ये निराशाजनक है कि चीजें ऐसी हो गईं।

◇ मोहन बागान ने पहली बार ISL लीग शील्ड जीती

# लीग के आखिरी मैच में मुंबई सिटी FC को 2-1 से हराया

नई दिल्ली ● एजेंसी

मोहन बागान ने सुपर जायंट इंडियन सुपर लीग (ISL) 2023-24 को अपने नाम कर लिया है। सोमवार को घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए मैच में मोहन बागान ने मुंबई सिटी FC को 2-1 से हराया।

इसके साथ ही मोहन बागान पॉइंट टेबल पर पहुंच गया। मोहन बागान पहली बार लीग खिताब जीता है। मोहन बागान से लिस्टन कोलाको और जेसन कमिंग्स ने गोल किए। वहीं दोनों गोल में असिस्ट करने के लिए दिमित्रियोस पेट्राटोस को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं मुंबई सिटी की ओर से एक गोल विंगर लालियानजुआला छांगटे ने किया।

**मोहन बागान 15 जीत के साथ 48 पॉइंट लेकर पॉइंट टेबल में टॉप पर**



मोहन बागान सुपर जायंट ने 22 मैचों में 15 जीत, तीन ड्रा और चार हार से 48 अंक लेकर पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान से सीधे टॉप पर पहुंच कर लीग दौर समाप्त किया।

वहीं मुम्बई सिटी FC 22 मैचों में 14 जीत, पांच ड्रा और तीन हार से 47 अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

**हाफ टाइम में मोहन बागान ने 1-0 से आगे**

मैच का पहला गोल 28वें मिनट में आया, जब विंगर लिस्टन कोलाको ने मोहन बागान सुपर जायंट को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस ने अटैकिंग थर्ड से बॉक्स के ठीक बाहर बाईं तरफ लिस्टन को बॉल पास की और लिस्टन ने इसे गोल में तब्दील कर दिया।

**दूसरे हाफ में दोनों टीमें ने एक-एक गोल किया**

दूसरे हाफ में दोनों टीमों की ओर से एक-एक गोल हुआ। मैच के 80वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जेसन कमिंग्स ने गोल करके मोहन बागान की बढ़त को मजबूत करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। फिर 89वें मिनट में लालियानजुआला छांगटे ने सीजन का अपना सातवां गोल करके मुम्बई सिटी स्त्रष्ट को कुछ राहत पहुंचाते हुए अंतर 1-2 कर दिया।

आखिरी दो मिनट में मोहन बागान को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा

# सोना ऑलटाइम हाई, 10 ग्राम की कीमत रूपए 73,514

■ ईरान-इजराइल टकराव से 16 दिन में दाम रूपए 4,550 बढ़े, इस साल अब तक रूपए 10,212 महंगा हुआ

नई दिल्ली ● एजेंसी

सोने ने 16 अप्रैल को नया ऑल टाइम हाई बनाया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के मुताबिक, मंगलवार को 10 ग्राम सोना 701 रुपए महंगा होकर 73,514 रुपए का हो गया है। 1 अप्रैल को इजराइल-ईरान तनाव शुरू हुआ था तब से 16 दिन में सोने के दाम 4,550 रुपए बढ़ गए हैं।

चांदी में भी आज तेजी देखने को मिली है। एक किलो चांदी का भाव 180 रुपए बढ़कर 83,632 रुपए हो गया है। इससे पहले 12 अप्रैल को चांदी ने 83,819 रुपए का हाई बनाया था। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में इनके दामों में और तेजी देखने को मिल सकती है।




## सिर्फ 15 दिन में ही सोना 4,550 रुपए महंगा हुआ

इजराइल-ईरान तनाव 1 अप्रैल को शुरू हुआ था। तब सोने की कीमत 68,964 पर था। वहीं अब यानी 16 अप्रैल को ये 1 जनवरी को इसकी कीमत 73,514 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। यानी सिर्फ 15 दिनों में ही 4,550 रुपए महंगा हो चुका है। इजराइल-ईरान तनाव के चलते सोने में आगे भी तेजी देखने को मिल सकती है।

## बीते सालों में हुई जंग और मंदी में सोने-चांदी का क्या ट्रेंड रहा हैरूपए

जंग के दौरान सोने की कीमतों में हमेशा उछाल देखा गया है। 1990-91 के दौरान गल्फ वॉर के दौरान सोने की कीमतों में उछाल आया था, लेकिन यह शॉर्ट टर्म था। इसी तरह 2003 में इराक युद्ध के दौरान सोने की कीमतों में तेजी आई थी।

कोरोना महामारी के कारण भारत समेत अन्य देशों में मार्च 2020 में लॉकडाउन लगा था। तब 10 ग्राम सोने के दाम 41,000 रुपए के करीब थे। अगस्त तक दाम बढ़कर 55,000 के करीब तक पहुंच गए। हालांकि, बाद में इसमें गिरावट आई थी और दाम 50,000 से नीचे आ गए थे। रूस-यूक्रेन जंग के समय भी सोने में तेजी आई। 24 फरवरी 2022 को रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था। 7 मार्च 2022 को सोने की कीमतों में लगभग रूपए 1000/10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई। 22 कैरेट सोने की कीमत रूपए 49,400/10 ग्राम और 24 कैरेट सोने की कीमत रूपए 53,890/10 ग्राम हो गई। इजराइल-हमास जंग 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई थी। तब सोने की कीमत 57,000 के करीब थी। 1 नवंबर तक कीमत बढ़कर 61,000 के करीब पहुंच गई। वहीं 1 जनवरी को कीमत 63,000 और अब 10 ग्राम सोने की कीमत 73,500 के पार पहुंच गई है।

## सोना 75 हजार और चांदी 1 लाख तक पहुंच सकती है

मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 75 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल का अनुमान है कि अगले कुछ महीनों तक चांदी में तेजी देखने को मिलेगी। ब्रोकरेज फर्म ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम चांदी में निवेश करने की सलाह देते हैं और मीडियम से लंबी अवधि में 92,000 रुपए और उसके बाद 1 लाख रुपए पहुंच सकता है। फर्म ने 75,000 रुपए की तरफ होने वाली गिरावट पर और निवेश की सलाह दी है।

## साढ़े 3 महीने में 10,212 रुपए बढ़े सोने के दाम

इस साल अब तक सिर्फ 3 महीने में ही सोने के दाम 10,212 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था। ये 63,302 रुपए प्रति ग्राम से 73,514 रुपए पर पहुंच गया। वहीं चांदी भी 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से 83,632 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

## युद्ध या मंदी जैसी स्थिति में सोने-चांदी की कीमतें क्यों बढ़ जाती हैं

कोई भी जंग जियोपॉलिटिकल इक्वेशन्स खराब कर सकती है। ग्लोबल सप्लाई चेन बाधित कर सकती है, महंगाई बढ़ा सकती है और फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट में लोगों के भरोसे को कम कर सकती है। ऐसे में कई लोग और यहां तक कि सरकारें भी पोर्टफोलियो में गोल्ड बढ़ाते हैं। डिमांड बढ़ने से दामों में तेजी आती है

शेष पृष्ठ एक का

**पहले भी नादान लोगों ने सिंधिया परिवार से टकराने की कोशिश की थी चारों खाने चित्त हो गए थे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

पहले भी सिंधिया परिवार से टकराने का दुस्साहस किया था। कांग्रेस के लोग भूल गए थे और नादानी में टकरा गए। उस समय भी उन्हें चारों खाने चित्त कर दिया और अब यही गलती फिर से कांग्रेस के नादानों ने कर दी थी तो इस बार उन्हें सड़क पर ही लाकर खड़ा कर दिया। अब तो उनका पूरा ही सफाया हो जाएगा और वे कभी राजनीति की तरह मुंह नहीं करेंगे।

**दुश्मन चालाक है, बहुत चालाकी करता है**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दुश्मन चालाक है, बहुत चालाकी करता है, इससे सचेत एवं सतर्क रहने की जरूरत है। दुश्मनों को तो धूल चटाने के लिए भाजपा मैदान में है। एक तरफ जहां हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश के दुश्मनों को धूल चटा रहे हैं और देश को गौरवान्वित करने का कार्य कर रहे हैं। वे सच्चे अर्थों में लोकतंत्र के सच्चे सिपाही हैं और लोकतंत्र को गौरवान्वित करने के साथ-साथ देश को भी दुनिया भर में गौरव दिला रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र में गरीब आदमी बड़ी ईमानदारी से अपने वोट से सरकार बनाता है और सरकार बनने के बाद यदि देश का हाल ठीक नहीं रहे यह उचित नहीं है। एक गरीब परिवार का व्यक्ति गुजरात से चलकर इस लोकमंत्र के मंदिर को गौरवान्वित करने का कार्य कर रहे है। और आज पूरी दुनिया में देश का मान बढ़ रहा है।

**इस बार इतिहास बनाना है**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस बार देश में इतिहास बनाना है। हमारे प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि अबकी बार 400 पार के साथ जीतना है। इस बार सभी को मिलकर प्रधानमंत्री के इस संकल्प को पूरा करने के साथ-साथ अबकी बार-29 पार के संकल्प को भी पूरा करना है। इस बार छिंदवाड़ा में भी कमल खिलाना है। उन्होंने कहा कि इस बार छिंदवाड़ा की जनता का मूड भी बदल चुका है और वे वहां फैले कीचड़ में कमल खिलाएंगे।

**यह चुनाव परिवारवादी लोगों को समाप्त करने का है-विष्णुदत्त शर्मा**

जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से शिवपुरी में जनसैलाब उमड़ा है वह यह साबित करता है कि इस बार शिवपुरी-गुना संसदीय क्षेत्र में इतिहास बनेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है और यह चुनाव देश से भ्रष्टाचार, आतंकवाद, तुष्टीकरण की नीति को समाप्त करने के साथ-साथ परिवारवादी लोगों को समाप्त करने का भी चुनाव है। देश में एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बात जीत की तरफ बढ़ रही है। इस बार सिर्फ जीत ही नहीं, बल्कि प्रचंड जीत के साथ भाजपा सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि इस बार देश में 400 पार और मध्यप्रदेश में 29 पार सीटों के साथ भाजपा की विजयी होगी।

**हर बूथ पर 370 नए वोटर्स जोड़ना है**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि चुनाव से पहले हमारे केंद्रीय नेतृत्व ने कार्यकर्ता सम्मेलन में संकल्प दिलाया था कि इस चुनाव में हर बूथ पर 370 नए मत जोड़कर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को यह फूल समर्पित करना है और अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर हमारे नेतृत्व के संकल्प को पूरा करें। भाजपा का कार्यकर्ता समर्पित कार्यकर्ता है और अब सभी मिलकर तय कर लें कि इस बार भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी दिलानी है। उन्होंने कहा कि इस बार मध्यप्रदेश की छिंदवाड़ा लोकसभा सीट भी भाजपा की झोली में आएगी। छिंदवाड़ा में भी कमल खिलने वाला है।

**भ्रष्टाचार, आतंकवाद से मुक्त हुआ देश**

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि एक समय था जब देश में भ्रष्टाचार चरम पर था। कांग्रेस की सरकार में घोटाले पर घोटाले सामने आते थे, लेकिन पिछले 10 वर्षों में एक भी घोटाला सामने नहीं आया। आए दिन आतंकवादी घटनाएं हो जाती थीं, लेकिन अब आतंकवादियों के भी हौंसले परास्त हो गए हैं। देश से भ्रष्टाचार, आतंकवाद, तुष्टीकरण की नीति समाप्त हो गई है। अब तो परिवारवादियों को भी समाप्त करने का समय है। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हर गरीब का जीवन बदला है। उनको पक्के घर दिए हैं तो बहनों को उज्जवला योजना के माध्यम से गैस सिलेंडर दिए हैं। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के जीवन को बदलने का जो संकल्प लिया है वह पूरा हो रहा है।

**कांग्रेस ने अयोध्या को हमेशा मुद्दा बनाया, लेकिन राम मंदिर कभी नहीं बनवा पाए-शिवराज सिंह चौहान**

शिवपुरी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से अयोध्या मुद्दे को चुनाव का मुख्य हथियार बनाया। वे राममंदिर का सिर्फ मुद्दा बनाते रहे, लेकिन कभी यह प्रयास नहीं किया कि यहां पर श्रीराम मंदिर का निर्माण हो। उन्होंने हमेशा हिन्दू-मुसलमान के बीच में दीवार बनाकर रखी। कांग्रेस हमेशा से श्रीराम मंदिर का विरोध करती रही। अब तो स्थिति यह है कि कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी का विरोध करते-करते भगवान श्रीराम का विरोध भी करने लगे हैं। यही कारण था कि उन्होंने श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण भी ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की बुद्धि भ्रष्ट हो गई है। लिखित रूप में कांग्रेस ने भगवान राम के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने से इनकार कर दिया। कांग्रेस में इस समय भगदड़ की स्थिति है। कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता सोनिया गांधी उत्तर प्रदेश के रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ रही हैं और उन्होंने राज्यसभा में जाने का रास्ता चुन लिया। इसी तरह कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी रणछोड़ दास हो गए और उन्होंने भी अमेठी की बजाय अब दूसरे संसदीय क्षेत्र को चुना है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस के नेता इस समय चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता से डर गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी निस्तेज हो गई है। कांग्रेस के शासनकाल में जनता दो जून की रोटी के तरस जाती थी। भाजपा सरकार बनने पर लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना बनाई गई। प्रधानमंत्री जी ने गरीबों को निःशुल्क अनाज देने की योजना बनाई।

**डबल इंजन की सरकार ने विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी- ज्योतिरादित्य सिंधिया**

शिवपुरी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों की चिंता की है। प्रधानमंत्री ने आज ऐसी कई योजनाएं चलाई हैं जिनका लाभ आम आदमी को मिल रहा है। आज देश में पीएम आवास, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि यह योजनाएं आम लोगों के लिए लाई गईं। उन्होंने कहा कि मोदी गारंटी का नाम है, जबकि दूसरी ओर जो इंडिया गठबंधन है, वह ठगबंधन है। उन्हें विकास की कोई चिंता नहीं है। केवल एक परिवार दिखता है। प्रगति से उनका कोई वास्ता नहीं है अपना फायदा इन्हें दिखता है। विकास से इनका कोई लेना-देना नहीं है। सिंधिया ने शिवपुरी में डबल इंजन की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का जिक्र भी किया। सिंधिया ने कहा कि आज यहां पर मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे संस्थानों ने स्वास्थ्य व शिक्षा के स्तर को बढ़ाया है। नहरें व नए डेम बनने से सिंचाई के साधनों का विस्तार किया गया है। मप्र में लाडली बहना योजना हो या किसान सम्मान निधि सबका लाभ आम आदमी को मिल रहा है। सिंधिया ने कहा कि प्रधाममंत्री नरेन्द्र मोदी जी लगातार देश का विकास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने गरीबों के कल्याण की योजनाएं लागू करके देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से मुक्ति दिलाई है। यह कार्य आसान नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने यह करके दिखाया है।

**केन्द्रीय मंत्री का दाखिल कराया नामांकन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने शिवपुरी कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर केंद्रीय मंत्री एवं गुना लोकसभा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया का नामांकन-पत्र दाखिल कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह किरार उपस्थित रहे।

**रोड शो में हुए शामिल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं केंद्रीय मंत्री व गुना लोकसभा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया नामांकन-पत्र दाखिल करने के पश्चात् रोड-शो में शामिल हुए। रोड-शो शिवपुरी जिले के झांसी चौराहा से प्रारंभ होकर गुरूद्वारा, माधव चौक, कोर्ट रोड, अस्पताल चौराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुआ। रोड शो के दौरान स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया एवं 'अबकी बार-400 पार', 'फिर एक बार मोदी सरकार' के नारे लगाये। सभी नेतागणों ने जनता का अभिवादन कर जीत का आशीर्वाद लिया।

**दिवंगत जिला मंत्री के निवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने गुना में गत दिनों सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए पार्टी के जिला मंत्री स्व. आनंद रघुवंशी के निवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त कीं एवं शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री तुलसीराम सिलावट भी उपस्थित रहे।

**ये रहे मौजूद**

जनसभा के दौरान मंच पर पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं न्यू ज्वाइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक, पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य, संभागीय प्रभारी विजय दुबे, वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश शासन के मंत्री तुलसी सिलावट, एंदल सिंह कंसाना, राकेश शुक्ला, प्रद्युम्न सिंह तोमर, गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, प्रदेश मंत्री केशवसिंह भदौरिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, विधायक प्रभुराम चौधरी, देवेन्द्र जैन, महेन्द्र सिंह यादव, पन्नालाल शाक्य, जगन्नाथ सिंह, प्रीतम सिंह लोधी, बृजेन्द्र सिंह यादव, सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व मंत्री राजवर्द्धन सिंह दत्तीगांव, जिलाध्यक्ष राजू बाथम, धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, आलोक तिवारी, लोकसभा संयोजक दुर्गालाल विजय, गुना जिला प्रभारी गोपाल आचार्य, अशोकनगर जिला प्रभारी दीपक भदौरिया सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनावः दो सौ मीटर के दायरे के बाहर ही स्थापित किये जा सकेंगे उम्मीदवारों के निर्वाचन बूथ

**रिटर्निंग अधिकारी को सूचना देना जरूरी स्थानीय निकायों से भी लेनी होगी भूमि के उपयोग की अनुमति**

**इन्दौर।** लोकसभा चुनाव के तहत मतदान के दिन मतदाताओं को गैर सरकारी पहचान पर्चियां बांटने के लिए उम्मीदवारों को अपने निर्वाचन बूथ मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे के बाहर ही स्थापित करने की अनुमति होगी।

इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि मतदान दिवस पर उम्मीदवार अपने ऐजेन्टों और कार्यकर्ताओं के लिए मतदान केन्द्र से 200 मीटर की दूरी के बाहर मतदाताओं को गैर सरकारी पहचान पर्चियां बांटने के लिए एक छतरी अथवा त्रिपाल के नीचे केवल एक मेज तथा दो कुर्सी रख सकते हैं ताकि वे अपना सिर धूप या वर्षा से बचा सकें। ऐसी मेज के आसपास भीड़ इकट्ठी नहीं होगी। आयोग ने मतदान के दिन कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर उम्मीदवारों के निर्वाचन बूथों की स्थापना के लिए दिशा-निर्देश भी दिये हैं। इन दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि मतदान केन्द्र के 200 मीटर के भीतर कोई बूथ स्थापित नहीं किया जायेगा। एक ही परिसर में एक से अधिक मतदान केन्द्र होने की स्थिति में भी ऐसे परिसरों से 200 मीटर की दूरी पर मतदान केन्द्रों के लिए एक उम्मीदवार का एक ही बूथ बनाया जायेगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक ऐसे बूथों पर केवल दो कुर्सियों और एक मेज ही रखी जायेगी। ऐसे बूथों पर कनात नहीं लगाई जा सकेगी। केवल धूप या वर्षा से बचने के लिए एक छतरी या त्रिपाल का टुकड़ा लगाया जा सकेगा। आयोग ने कहा है कि गैर सरकारी मतदाता पहचान पर्चियां बांटने के लिए ऐसे बूथ बनवाने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को लिखित रूप में रिटर्निंग आफीसर को उन मतदान केन्द्रों के नाम और क्रम संख्या बतानी होगी जहां बूथ स्थापित करवाये जाने हैं।

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्वाचन बूथ स्थापित करवाने से पहले उम्मीदवार को स्थानीय कानून के अधीन भूमि के उपयोग के लिए सरकारी प्राधिकरणों अथवा नगर निगमों, नगर पालिकाओं, जिला परिषदों, शहरी क्षेत्र समितियों, पंचायत समितियों आदि की लिखित अनुमति भी लेनी होगी। बूथ प्रबंधकों को मांगे जाने पर इस प्रकार की लिखित अनुमति पुलिस अथवा निर्वाचन प्राधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत भी करनी होगी। उम्मीदवारों द्वारा इन निर्वाचन बूथों का इस्तेमाल केवल गैर सरकारी पहचान पर्चियां जारी करने के एकमात्र प्रयोजन के लिए किया जा सकेगा। ये गैर सरकारी पहचान पर्चियां भी केवल आयोग के आदेशानुसार ही मुद्रित कराई जायेंगी जिन पर अभ्यर्थी का नाम या प्रतीक अथवा राजनैतिक दल का नाम नहीं होना चाहिए।

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि किसी भी स्थिति में ऐसे बूथों पर भीड़ इकट्ठी होने की अनुमति नहीं होने दी जायेगी। न ही ऐसे व्यक्ति को आने की अनुमति दी जायेगी जो पहले ही मतदान कर चुका हो। आयोग ने यह भी कहा है कि बूथों पर बैठे व्यक्ति मतदान केन्द्रों पर जाने वाले मतदाताओं के रास्ते में किसी तरह की रूकावट नहीं डालेंगे अथवा दूसरे उम्मीदवारों के बूथों पर जाने से उन्हें नहीं रोकेंगे। मतदाताओं को स्वयं उनकी इच्छानुसार मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार रूकावट भी निर्वाचन बूथों में बैठे कार्यकर्ता नहीं डाल सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि इन निर्देशों का उल्लंघन अत्यधिक गंभीरता से लिया जायेगा और ऐसे उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार अभ्यर्थी और उनके अभिकर्त्ताओं के विरूद्ध कानून के अधीन कड़ी कार्रवाई की जायेगी तथा बूथों को हटा दिया जायेगा। आयोग ने चुनावी व्यवस्था में लगे शासकीय अधिकारियों को भी चेतावनी दी है कि यदि वे आयोग के निर्देशों का उल्लंघन पाये जाने पर तत्काल कार्रवाई करने में असफल रहते हैं तो इनके खिलाफ भी दाण्डिक कार्रवाई की जायेगी और उन्हें अनुशासनिक कार्रवाई का भागी भी बनना होगा।

# मतदान में इंदौर को बनाया जायेगा नम्बर वन

## - मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए इंदौर के उद्योगपति भी आगे आये, एसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज के साथ मतदान के संबंध में बैठक सम्पन्न

**इन्दौर।** लोकसभा चुनाव में होने वाले मतदान में इंदौर को नम्बर वन बनाया जायेगा। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए इंदौर के उद्योगपति भी आगे आये है। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में आज एसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज के पदाधिकारियों ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ ली। उन्होंने मतदान के प्रति जागरूकता लाने में अपनी सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। उन्होंने मतदान करने पर अपने कर्मचारियों को लक्की ड्रॉ के माध्यम से सम्मानित करने का निर्णय भी लिया।



इस बैठक में नगर निगम आयुक्त्? शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी सीईओ एवं स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी दिव्यांक सिंह अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, शहर के ऐसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज मध्यप्रदेश के प्रेसिडेन्ट योगेश मेहता, सचिव तरूण व्यास, प्रकाश जैन, दिलीप देव, हरिश भाटिया, हरिश नागर, अनिल पालीवाल, प्रमोद डफरियां, सुनिल बंसल सहित इंदौर प्लास्ट इण्डस्टीज, मेक इंडिया, एआईएमपी, अल्ट्राकट इण्डस्टीज व विभिन्न इण्डस्टीज के पदाधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान के लिए संगठन के पदाधिकारियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। आयुक्त वर्मा द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में इंदौर शहर में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढाने के उददेश्य से आज शहर के एसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। प्रतिनिधियों से मतदान प्रतिशत बढाने के लिये सुझाव भी लिये गये। इस अवसर पर आयुक्त वर्मा द्वारा एसोसिएशन के पदाधिकारियों को स्वंय के साथ ही अपनी इण्डस्टीज में पदस्थ कर्मचारियों को भी मतदान करने की अपील के संबंध में चर्चा की गई। इस पर विभिन्न एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये विभिन्न सुझाव दिये गये। बताया गया कि एसोसिएशन द्वारा मतदान करने आने वाले अपने कर्मचारियों के लिये एक लक्की ड्रॉ कुपन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी, जिसमें चयनित प्रतिभागी को एसोएिशन द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। आयुक्त शिवम वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से स्वच्छता अभियान में नागरिकों के सहयोग से इंदौर स्वच्छता में नंबर वन शहर है, उसी प्रकार आगामी 13 मई को होने वाले मतदान में भी इंदौर को नम्बर वन बनाया जाये। स्वीप अभियान के माध्यम से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम हो। मतदान दिवस को त्यौहार की तरह मनाये, अधिक से अधिक मतदाता मतदान करे।इंदौर को मतदान प्रतिशत में भी नंबर वन बनाये।

## बूथों की बिजली व्यवस्था संभालेंगे 2000 कर्मचारी अधिकारी...

**मुख्य अभियंता करेंगे सतत निगरानी, मालवा निमाड़ में 18500 के करीब हैं मतदान केंद्र**

**इन्दौर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बूथों पर संपूर्ण व्यवस्था करने के आदेश के मद्देनजर मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने भी प्रभावी तैयारी की है। कंपनी ने मालवा-निमाड़ क्षेत्र यानी इंदौर और उज्जैन के मुख्य अभियंताओं को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथों की समीक्षा करने के निर्देश दिए है। कंपनी के करीब 520 इंजीनियरों समेत दो हजार कर्मचारी इस व्यवस्था को संभालेंगे। कंपनी क्षेत्र में करीब अठारह हजार पांच सौ बूथ हैं।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि बूथों पर बिजली वितरण के लिए इंदौर व उज्जैन के मुख्य अभियंताओं समेत सभी 15 जिलों के अधीक्षण अभियंता, 55 डिविजनों के कार्यपालन अभियंता अपने इलाके के बूथों की संपूर्ण व्यवस्थाएं कराएंगे। इसके साथ ही जोन, वितरण केंद्रों पर पदस्थ 450 सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता भी बूथों की बिजली व्यवस्था की समीक्षा करेंगे, यदि दूरदराज के किसी बूथ पर स्थाई बिजली कनेक्शन नहीं है, तो वहां अस्थाई कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। तोमर ने बताया कि सभी 15 अधीक्षण अभियंताओं एवं 55 कार्यपालन अभियंताओं को संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारियों से सतत तालमेल बनाए रखने के निर्देश दिए है, ताकि बूथों पर भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके। प्रबंध निदेशक तोमर ने बताया कि 520 इंजीनियरों के अलावा करीब 1500 अन्य कर्मचारी, लाइनमैन, परीक्षण सहायक, सुपरवाइजर आदि भी सेवाएं देंगे। बूथों पर संबंधित इलाके के लाइनमैन के मोबाइल नंबरों की सूचना भी लगाएंगे, ताकि आवश्यकता होने पर लाइनमैन बूथ पर जल्द से जल्द उपस्थित हो

## उम्मीदवारों को आपराधिक प्रकरण का विज्ञापन जारी करना होगा

**भोपाल।** लोकसभा निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दल आपराधिक इतिहास के विवरण सर्व साधारण की जानकारी के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। प्रथम प्रकाशन अभ्यर्थिता वापसी दिनांक से 4 दिवस के अन्दर द्वितीय प्रकाशन नाम वापसी के बाद के पांचवे दिन से आठवें दिन के मध्य और तृतीय प्रकाशन नाम वापसी के नौवें दिन से प्रचार समाप्ति के पूर्व मतदान दिवस के दो दिवस पूर्व तक किया जाना है।

निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय समाचार पत्र जिनकी कम से कम एक संस्करण की संख्या डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 75 हजार से अधिक हो एवं जिनका एक से अधिक राज्य में सर्कुलेशन हो। इसी प्रकार ऐसे स्थानीय समाचार पत्रों जिनमें संख्या डीएवीपी अथवा ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 25 हजार हो, में प्रकाशन की कार्यवाही की जाना है। रिटर्निंग ऑफीसर की हैण्डबुक के एनेक्जर - 47 के आपराधिक प्रकरण वाले अभ्यर्थी एवं राजनैतिक अंतर्गत प्रारूप सी-1 से सी-8 तथा प्रारूप सीए का उल्लेख है।

# इंतजार खत्म हुआः बालवीर की हो रही है शानदार वापसी, सिर्फ सोनी लिव पर!

**भोपाल।** भारत के सबसे चहेते सुपरहीरो 'बालवीर' की शानदार वापसी देखने के लिये तैयार हो जाइये, सिर्फ सोनी लिव पर! इसका प्रसारण 6 मई को शाम 7:00 बजे से हर सोमवार से शुक्रवार किया जायेगा। बालवीर के साथ एक यादगार सफर पर जाने की तैयारी कर लीजिये, क्योंकि वह दुनिया को बचाने के लिये काली शक्तियों से भिड़ने जा रहा है। क्या उसे जीत मिलेगी, वह अपनी खोई शक्तियाँ पा सकेगा और अपने रास्ते में आने वाली अड़चनों से उभर पाएगा?




देव जोशी इस शो में बालवीर का किरदार निभा रहे हैं, अदिति सानवाल बनी हैं काशवी और अदा खान बनी हैं खतरनाक खलनायिका आगील। उनके साथ-साथ बालवीर के सारे कलाकार कल्पनाओं की एक लुभावनी दुनिया में ले जाने का वादा कर रहे हैं, जो हर जगह के बच्चों को खूब पसंद आने वाली है।

बालवीर की शानदार कहानी का आनंद उठाना मत भूलिये, 6 मई से हर सोमवार से शुक्रवार, शाम 7:00 बजे से सिर्फ सोनी लिव पर!

लिंकः https://www.instagram.com/reel/Cz®CBuGqvaK/?igsh=MXdyMwVzaWZyNHU&MQ==

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय में रामनवमी शोभायात्रा बैठक सम्पन्न

**– श्री रामनवमी शोभा यात्रा में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की कैंसर जागरूकता एवं ग्रीन एंबुलेंस की निकलेगी झांकी**
**– कैंसर रोकथाम के लिए चलेगी जन जागरूकता अभियान की झांकी, – 'अपना सपना – हरा भरा सतना' अभियान से होगा पर्यावरण संदेश**
**– अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता एवं एलन कोचिंग संचालक इंदौर के विवेक श्रीवास्तव का हुआ सम्मान**











-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**सतना।** पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय नेह निकुंज बम्हनगवां में कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ सर्वप्रथम सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कैंसर को निमंत्रण मत दीजिए, गुटखा, तंबाकू व धूम्रपान का सेवन बंद कीजिए। जागरूकता के लिए श्रीराम नवमी शोभा यात्रा में कैंसर के बचाव के लिए सेवा न्यास कार्यकर्ताओं द्वारा शोभा यात्रा में शामिल होने की प्रत्येक कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायत्व दिए गए, साथ ही 'अपना सपना-हरा भरा सतना अभियान' के अंतर्गत जोन प्रमुखों को शोभा यात्रा में शामिल होने के दौरान दायित्वों के वितरण, व्यवस्था के लिए कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए गए।

कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओ ने अपने अपने विचार भी व्यक्त किए । डॉ. राकेश मिश्र ने सभी पर्यावरण प्रेमियों व समाजसेवियों से आग्रह किया है की अधिक से अधिक संख्या में पुण्य कार्य में अपनी सहभागिता निभाए।

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने बताया है कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए सेवा न्यास के कार्यकर्ताओ द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्लास्टिक मुक्त सतना एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियान 'अपना सपना-हरा भरा सतना अभियान' अभियान के अंतर्गत पेड़ लगाने




और उनका संरक्षण करने के लिए प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा में सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा झांकी निकालकर जन जागरूकता करने के लिए हजारों कार्यकर्ताओं की टीम के द्वारा सिटी कोतवाली के पीछे, श्री गुरुद्वारा रावणा टोला से शोभायात्रा में शामिल होकर नगर वासियों को जागरूक किया जाएगा।

***कैंसर रोकथाम के लिए चलेगा जन जागरूकता अभियान***

महामारी कैंसर के विरूद्ध जागरूकता लाने के उद्देश्य से सतना में श्री रामनवमी पर सेवा न्यास के द्वारा श्रीगुरुद्वारे के सामने से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिले वासियों को महामारी कैंसर से बचाव के लिए उपाय बताए जाएंगे।

***अपना सपना - हरा भरा सतना अभियान***

नगर को प्रदुषण मुक्त करने के लिए सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा शोभायात्रा निकालकर जिले वासियों को प्रदूषण मुक्ति व प्लास्टिक मुक्ति के उपाय बताते हुए जन जागरूकता कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शोभायात्रा को सफल बनाएं।

***अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विजय श्रीवास्तव का हुआ सम्मान***

इंदौर से पधारे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता एवं एलन कोचिंग के डायरेक्टर विवेक श्रीवास्तव के प्रवास के दौरान सेवा न्यास कार्यालय में डॉ. राकेश मिश्र ने उन्हें माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र भेंटकर उनका सम्मान किया।

# सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न की महागाथा श्रीमद रामायण में 'राम नवमी' के शुभ अवसर पर दिखेगा भगवान राम और भगवान हनुमान के बीच अटूट बंधन

**दर्शक 17 अप्रैल को 1 घंटे के विशेष एपिसोड में निष्ठा और मित्रता की कालजयी भावना को देखेंगे**

'राम नवमी' के शुभ अवसर पर, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न की महागाथा, 'श्रीमद रामायण' में दर्शकों के लिए 17 अप्रैल को रात 9:00 बजे से 10:00 बजे तक 1 घंटे का विशेष एपिसोड प्रसारित होगा। प्रभु श्रीराम ने भगवान हनुमान पर भरोसा किया है कि वे अपहरण के बाद लंका में रह रहीं माता सीता का पता लगाकर उनकी स्थिति का साक्ष्य लेकर ही पुनः लौटेंगे, जो आगे चलकर निष्ठा और मित्रता के उनके अटूट बंधन का कालजयी प्रमाण बन जाता है।



'राम नवमी' के शुभ अवसर और महत्वपूर्ण कहानी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, अभिनेता सुजय रेउ ने कहा, 'प्रभु श्रीराम को भगवान हनुमान पर पूरा विश्वास है, जो दृढ़ता से उनके पक्ष में खड़े हैं और लंका में माता सीता की खोज-खबर निकालने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। भगवान हनुमान अपने प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट समर्पण भाव रखते हैं और उनके कार्य निष्ठा से भरे हुए हैं, माता सीता के साक्ष्य ढूँढना इस बात का सार्थक उदाहरण है और स्थायी विश्वास का प्रतीक है। भगवान हनुमान एक मार्गदर्शक के रूप में काम करेंगे, और साथ ही यह साबित करेंगे कि सबसे मुश्किल हालातों पर भी विश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ कैसे काबू पाया जा सकता है।'

सुजय रेउ आगे कहते हैं, 'राम नवमी के शुभ अवसर पर 1 घंटे के विशेष एपिसोड में, दर्शक भगवान हनुमान को श्रीराम की अंगूठी लेकर माता सीता की खोज पर निकलते हुए देखेंगे। आने वाले एपिसोड्स में, भगवान हनुमान लंका पहुंचने और माता सीता को अंगूठी देने के दौरान कठिन परीक्षाओं से होकर गुजरेंगे।'

इस रामनवमी पर, रात 9:00 बजे 'श्रीमद रामायण' का 1 घंटे का विशेष एपिसोड देखें, केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर।

# शेमारू टीवी के शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' के मुख्य अभिनेता विनीत कुमार चौधरी ने नवरात्रि के मौके पर होने वाली कंजक पूजा को याद किया

शेमारू टीवी ने हमेशा से दर्शकों को अपने रोचक कंटेंट से जोड़े रखा है। 'कर्माधिकारी शनिदेव' शो ने अपनी कहानी और बेहतरीन प्रदर्शन के बीच एक शानदार उदाहरण स्थापित किया है, जहाँ उन्होंने हाल ही में अपने 100 एपिसोड्स पूरे कर लिए हैं। शो में शविदेव की मुख्य भूमिका निभाने वाले अभिनेता विनीत कुमार चौधरी ने अब तक अपने किरदार से बहुत कुछ सीखा है और अब वे चैत्र नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए विनीत ने अपने होमटाउन दिल्ली में होने वाली माँ दुर्गा की पूजा और अंतिम दिन पर होने वाली कंजक पूजा को याद कर रहे हैं।

विनीत कुमार चौधरी ने दुर्गा पूजा और इससे जुड़ी अपनी यादें साझा करते हुए कहा, 'मैं और मेरा परिवार हमेशा से माता का भक्त रहा है। मेरे घर नवरात्रि में पूरे विधान से माता जी की पूजा की जाती है, साथ ही कलश बिठाकर अखंड ज्योत भी जलाई जाती है। मेरी माँ और आसपास की सभी महिलाएँ मेरे घर आकर साथ मिलकर माता जी के भजन गाती हैं। पूरे नौ दिन मेरे घर में भक्तिभाव का माहौल होता है। रोजाना नौ दिन तक घर में पंडित जी आकर दुर्गा शसशति का पाठ करते हैं और पूजा-आरती होती है। पूरे घर में बहुत पॉजिटिव माहौल होता है और बहुत अच्छा लगता है।'



उन्होंने बचपन के दिनों को याद करते हुए कंजक पूजा को लेकर एक खास याद साझा करते हुए कहा, 'मुझे आज भी याद है, नवरात्रि के नौवे दिन माँ कंजक पूजा करती थीं और कन्याओं को हलवा-पूड़ी खिलाकर उन्हें भेंट में कुछ चीजें और पैसे दिया करती थीं। मैं भी गिफ्ट के लिए जिद किया करता था और ऐसा करने पर मुझे बाहर ले जाकर कुछ न कुछ दिलाया करती थीं। मैं आज भी अपनी उस खूबसूरत जिद को नहीं भूल पाता। मेरा परिवार बहुत आध्यात्मिक है और अब मुझे 'कर्माधिकारी शनिदेव' शो में शनि के किरदार में देखकर बहुत खुश होते हैं।'

'कर्माधिकारी शनिदेव' शो की पौराणिक कहानी कर्म के देवता शनिदेव के इर्द-गिर्द घूमती है, जो न्याय के देवता माने जाते हैं। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि हर किसी को अपने अच्छे और बुरे कर्मों का परिणाम मिले और सभी के साथ पूरी निष्पक्षता से न्याय हो। लोगों के बीच यह कहानी शनिदेव से प्रति होने वाले भय और उनसे जुड़े सभी मिथकों को दूर करती है, साथ ही उनके भावनात्मक और विचारशील पक्ष पर भी प्रकाश डालती है।

आपको बता दें कि शो के आने वाले एपिसोड में दर्शकों को बहुत कुछ नया देखने को मिलने वाला है, जो कि बहुत रोचक होने वाला है। अपने चहेते कलाकार विनीत के बारे में अधिक जानने के लिए बने रहें और देखें 'कर्माधिकारी शनिदेव' शो हर सोमवार से शनिवार, रात 8:30 बजे सिर्फ शेमारू उमंग पर।

# युवराज ने कहा-ग्वालियर में होगा मप्र प्रीमियर लीग का आयोजन




**ग्वालियर।** ग्वालियर में इस बार जून माह में मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग का आयोजन होगा। इस आयोजन में मध्यप्रदेश के विभिन्न प्रमुख शहरों की टीमें भाग लेंगी। इतने वृहद स्तर पर प्रीमियर लीग का आयोजन मप्र में पहली बार होगा। इसमें नई क्रिकेट प्रतिभाएं उभरकर सामने आयोंगी। यह जानकारी मंगलवार को ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसियेशन के उपाध्यक्ष एवं गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया एवं अध्यक्ष प्रशांत मेहता ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि यह टूर्नामेंट सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट प्रतिभा को प्रदर्शित करने का वादा करता है। तमिलनाडू प्रीमियर लीग टीएनपीएल और सौराष्ट्र प्रीमियर लीग एसपीएल जैसे घरेलू टी-20 टूर्नामेंट युवा भारतीय क्रिकेट प्रतिभाओं के लिए प्रजनन स्थल बन गये हैं। यह टूर्नामेंट भी उसी प्रकार से प्रतिपादित होगा। उन्होंने बताया कि इन लीगों में सफलता इंडियन प्रीमियर लीग और यहां तक कि राष्ट्रीय टीम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगी। उन्होंने बताया कि उभरते सितारों के लिए यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण साबित होगा। एमपीएल में पांच टीमें शामिल होंगी। इनमें रीवा जगुआर, जबलपुर लायंस, भोपाल लेपर्डस, मालवा पेंथरर्स तथा ग्वालियर चीताज हैं। उन्होंने बताया कि यह टूर्नामेंट ग्वालियर के नव निर्मित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर आयोजित होगा। टूर्नामेंट आपीएल 2024 के बाद जून में आयोजित होगा।

उन्होंने बताया कि एमपीएल में मध्यप्रदेश के स्थापित उभरते खिलाडियों और सितारों में वैंकटेश अययर, अजत पाटीदार, आवेश खान, कुमार कार्तिकेय और अनुभव अग्रवाल, यश जैसे क्रिकेटर भी शामिल होंगे। टूर्नामेंट को टेलीविजन चैनल ओटीटी पर शाम को सात बजे से प्राइम टाइम पर सीधा प्रसारित होगा। इस अवसर पर एमपीएल की पांचों टीमों का बैनर भी लांच किया गया, वहीं एक गीत का भी अनावरण होगा। इस अवसर पर अभिषेक गुप्ता भोपाल, मानव सिंघानिया ग्वालियर, कार्तिकेय राव जबलपुर पवन सिंघानिया मालवा, आलोक रीवा टीम के मालिक सहित रवि पाटनकर, संजय आहूजा, निर्भय वाकलीवाल आदि शामिल थे।

# टीएमआर मशीन से 2 घंटे में 2000 गौवंश को मिलता है मिक्स चारा

**ग्वालियर।** नगर निगम की लाल टिपारा स्थित आदर्श गौशाला में नई चारा मशीन आई है। इस मशीन में भूसा हरा चारा चुन्नी पीना इत्यादि को लोड कर दिया जाता है और मशीन इन सभी को मिक्स कर देती है। इसके बाद मशीन अपने आप भी गौ माता के खनोटे में चारा डाल देती है। इस मशीन के आने से गौसेवकों को काफी मदद मिली है।

आदर्श गौशाला में 7.5 टन क्षमता वाली नई टीएमआर मशीन आई है। इस मशीन में जेसीबी की मदद से एक बार में साढे सात टन हरा चारा भूसा, चुन्नी, पीना इत्यादि को डाल दिया जाता है। मशीन के अंदर लगे तीन बड़े रोटर इन सभी को आपस में मिक्स कर देते हैं। इसके बाद ट्रैक्टर के द्वारा इस




मशीन को गौ माता के खनोटे तक ले जाया जाता है। ट्रैक्टर मशीन को धीमे-धीमे आगे खींचता है और यह मशीन अपने आप चारा खनोटे में डालती जाती है। इस मशीन के आने से पहले गौ माता को चारा डालने का कार्य जो 20 आदमी मिलकर किया करते थे वह अब 2 व्यक्ति ही कर देते हैं। इससे गो सेवको को जहां कम मेहनत करनी पड़ रही है। वही गौ माता को भी सही समय पर खाना मिल पा रहा है।

### 2 घंटे में 2000 गौमाता को मिल जाता है भोजन

नई मशीन के आने से 2 घंटे के अंदर 2000 को माता के लिए मिक्स किया हुआ चार मिल जाता है इससे पूर्व गौ सेवकों को गौ माता के लिए भोजन तैयार करने में काफी समय लगता था, क्योंकि पहले भूसा, फिर हरा चारा फिर चुनी पीना डालने के लिए 3 बार गौसेवकों को चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन अब यही कार्य 1 बार में हो जाता है।

***जनभागदारी से मिली मशीन***

आर्दश गौशाला को यह मशीन जन भागीदारी के माध्यम से मिली है। मशीन की कीमत 21 लख रुपए है।

# कांग्रेस उम्मीदवार पाठक ने भरा अपना फॉर्म

**ग्वालियर।** ग्वालियर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक ने मगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी के साथ राज्यसभा सदस्य अशोक सिंह, विधायक साहब सिंह गुर्जर, जिलाध्यक्ष शहर देवेंद्र शर्मा, डबरा विधायक सुरेश राजे, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा मौजूद थे।

नामांकन भरने के बाद के बाद कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुये कहा कि यह चुनाव तानाशाही के खिलाफ है और लोकतंत्र को बचाने के लिए है।

आम लोगों के अधिकारों को बचाने व लोगों की स्वतंत्रता के हनन को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि मेरे अकेले का इतना साहस नहीं है कि मैं अकेले इन तानाशाहों का



**- यह चुनाव तानाशाही के खिलाफ है: पाठक**

मुकाबला कर पाऊं, उनके पास तो पूरा तंत्र है बड़े-बड़े मंत्री हैं, ईडी, सीबीआई है। रेल है जेल है सब इनके पास है, यह चुनाव ग्वालियर लोकसभा की जनता लड़ रही है। मैं तो केवल एक सांकेतिक मात्र हूं। कांग्रेस प्रत्याशी ने शायराना अंदाज में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामने वालों पर कहा कि यह जो लोग डर कर तुम्हारी शफमें आए हैं यह तुम्हें क्या जिंदा करेंगे जो मार कर आए हैं।

उल्लेखनीय है कि ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में अब तक आधा दर्जन उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। मंगलवार 16 अप्रैल को उमा कॉलोनी लक्ष्मीगंज लश्कर निवासी प्रवीण पाठक ने इंडियन नेशनल कॉंग्रेस के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान को सौंपा। नामांकन के लिए अब दो दिन शेष बचे हैं। अभ्यर्थी अथवा उनके प्रस्तावक 18 व 19 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी अथवा सहायक रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन प्रस्तुत कर सकेगें। शासकीय अवकाश होने की वजह से 17 अप्रैल को नामांकन का सिलसिला बंद रहेगा।

# अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू, मनीग्राम बैस कैंप में लगेगा भंडारा

**ग्वालियर।** श्री बाबा बर्फानी हर हर महादेव सेवा समिति ग्वालियर का इस बार तीसरा विशाल भंडारा मनीग्राम बैस कैंप में लगेगा। सोमवार से अमरनाथ यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण प्रक्रिया भी शुरू हो गई। देश के 4 बैंकों की 540 शाखाओं और श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की वेबसाइट पर श्रद्धालु पंजीकरण करा सकेंगे। 13 वर्ष से कम और 70 वर्ष से अधिक आयु के किसी श्रद्धालु का पंजीकरण नहीं होगा। छह सप्ताह से अधिक गर्भवती महिला को भी यात्रा के लिए पंजीकृत नहीं किया जाएगा। 29 जून से शुरू हो रही यात्रा रक्षाबंधन वाले दिन 19 अगस्त को संपन्न होगी।

बता दें कि अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और यस बैंक की 540 शाखाओं में पंजीकरण होगा। श्रद्धालुओं को प्रत्येक आवेदन करने वाले की फोटो, यात्रा पंजीकरण की 250 रुपये प्रति यात्री फीस, ग्रुप लीडर का नाम, मोबाइल फोन नंबर और ईमेल सहित पता चाहिए। पोस्टल चार्जेस एक से पांच श्रद्धालुओं के 50 रुपये, छह से लेकर 10 तक के 100 रुपये, 11 से 15 तक के 150 रुपये, 16 से 20 तक के लिए 200 रुपये, 21 से 25 के लिए 250 रुपये और 26 से 30 के लिए 300 रुपये होंगे। यात्रा पंजीकरण फीस व पोस्टल चार्ज श्री अमरनाथ जी श्राइन के मुख्य अकाउंट अधिकारी के नाम भेजने होंगे। पंजीकरण के लिए आठ अप्रैल के बाद का स्वास्थ्य प्रमाणपत्र वैध माना जाएगा।

### चारधाम यात्रा के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

उत्तराखंड के चार धाम बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। वेबसाइट, एप, वाट्सएप व टोल फ्री नंबर के माध्यम से तीर्थयात्री पंजीकरण करा सकेंगे। केदारनाथ धाम के 10 मई, यमुनोत्री के 10 मई, गंगोत्री के 10 मई, बदरीनाथ धाम के 12 मई को कपाट खुलेंगे। अगर कोई व्यक्ति चारधाम की यात्रा पर जाना चाहता है तो उसको सबसे पहले पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर लॉगिन कर पंजीकरण करना होगा। इसके अलावा व्हाट्सएप नंबर-8394833833 पर (यात्रा) लिख कर मैसेज करके भी पंजीकरण कर सकते हैं। जो यात्री वेबसाइट पर पंजीकरण नहीं कर पाते हैं, उनके लिए पर्यटन विभाग ने टोल फ्री नंबर 0135-1364 पर कॉल करने पर पंजीकरण की सुविधा दी है। साथ ही स्मार्ट फोन पर मोबाइल एप से पंजीकरण कर सकते हैं।

# प्रत्येक वोट जरूरी विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता होगी

**ग्वालियर ।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एज्यूकेशन एण्ड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) के तहत राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित होने जा रही है। ÷प्रत्येक वोट जरूरी÷ विषय पर होने जा रही इस प्रतियोगिता के लिए 25 अप्रैल तक ऑनलाइन प्रविष्टियाँ उच.उलहवअ.पद पोर्टल पर भेजी जा सकती हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जायेंगे।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय 21 हजार व तृतीय पुरस्कार 11 हजार रूपए रखा गया है। इसके अलावा 10 प्रतिभागियों को 5100 - 5100 रूपए के विशेष पुरस्कार दिए जायेंगे। प्रतिभागी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। एक प्रतिभागी की एक ही प्रविष्टि मान्य होगी। स्लोगन की शब्द सीमा अधिकतम 25 से 30 होना चाहिए। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण व हिन्दी भाषा में होना चाहिए। प्रतिभागी प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल फोन नम्बर एवं ईमेल आईडी जरूर लिखें।

# यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के सदस्य बाइक रैली से देंगे जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश

ग्वालियर । अंतरराष्ट्रीय संस्था यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफइंडिया की मध्यप्रदेश राज्य शाखा साल 2024 को स्वर्ण जयंती उत्सव के रूप में बना रही है। स्वर्ण जयंती उत्सव के अवसर पर संस्था द्वारा मध्यप्रदेश में एक मोटर बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली का नेतृत्व संस्था के राष्ट्रीय चेयरमैन मनोज जौहरी करेंगे।

ग्वालियर यूनिट के सचिव व राज्य उपाध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने बताया कि इस बाइक रैली के द्वारा संस्था के सदस्य आमजनों में जल के प्राकृतिक स्रोतों जैसे हमारे पुराने कुएं, छोटे तालाब, पोखर, बावड़ियां आदि को संरक्षित करने की अपील करेंगे। यह मोटर बाइक रैली 20 अप्रैल को ग्वालियर आएगी व 21 को सुबह राजगढ़ जाएगी जिसमे ग्वालियर से रामनारायण मिश्रा, भूपेंद्र शर्मा, गौरव सिंघल, संजू कुरुषवानी, रविन्द्र सिंह राजपूत ग्वालियर से राजगढ़ यूनिट तक मोटर साईकिल से रैली के साथ जाएंगे।

# राज राजेश्वरी माँ कैलादेवी के दरबार में फूल बंगला व छप्पन भोग का आयोजन हुआ

## दौलतगंज में सजा है माता का भव्य दरबार



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- ग्वालियर।** दौलतगंज स्थित कृष्णमुरारी अग्रवाल के निवास पर चैत्र नवदुर्गा महोत्सव के तहत राज राजेश्वरी माँ कैलादेवी का दरबार सजाया गया है। महाष्टमी को माता के दरबार में फूल बंगला व छप्पन भोग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे। एक जानकारी में श्री अग्रवाल ने बताया कि नवरात्रि महोत्सव के तहत माँ कैलादेवी की विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है। आयोजन में माता के अनेक भक्त शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि यहां पर नवदुर्गा महोत्सव के दौरान प्रतिदिन माता की पूजा अर्चना हो रही है। उन्होंने बताया कि यदि व्यक्ति को अपने जीवन में सामर्थ्यवान बनना है तो उसे निश्चित रूप से देवी उपासना करनी पड़ेगी। हमारी संस्कृति व साहित्य में देवी को शक्ति स्वरूपा माना गया है। यदि कोई भक्त सच्चे मन से माता की सेवा करता है तो माँ प्रसन्न होकर उसे इच्छित वरदान प्रदान करती हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि माँ कैलादेवी से जुड़ी अनेक कथायें हैं। भक्तों को इनका श्रवण करना चाहिए, जिससे उनका कल्याण हो सके। नवदुर्गा के नौ दिन व्यक्ति के आत्म उत्थान के दिन हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि इन दिनों का हम सदुपयोग करें, ताकि हमारा जीवन सार्थक हो सके।

# चौथे चरण के लिए 18 अप्रैल से भरे जायेंगे नाम निर्देशन-पत्र

**आठ लोकसभा क्षेत्रों में 13 मई को होगा मतदान**

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन - 2024 के तहत मध्यप्रदेश में 4 चरणों में लोकसभा चुनाव होने हैं। श्री राजन ने बताया कि चौथे चरण में मध्यप्रदेश के 8 लोकसभा क्षेत्रों में 18 अप्रैल से नाम निर्देशन-पत्र भरे जायेंगे।

# मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र से सत्यपाल सिंह, रमेश गर्ग व शिवमंगल सिंह तोमर ने भरा नामांकन





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र में मंगलवार को 3 उम्मीदवारों द्वारा अपनी नामजदगी के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए। इन प्रत्याशियों ने कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी अंकित अस्थाना को अपने-अपने नाम निर्देशन पत्र सौंपे। ज्ञात हो गत 12 अप्रैल को निर्वाचन की सूचना जारी होने के बाद 15 अप्रैल तक कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुए थे।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार 16 अप्रैल को शिवमंगल सिंह ने भारतीय



जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया। इनके अलावा सत्यपाल सिंह ने इंडियन नेशनल कॉग्रेंस पार्टी और रमेश चन्द्र गर्ग ने बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार के रूप में नामांकन भरे।

नामांकन के लिए अब दो दिन शेष बचे हैं। अभ्यर्थी अथवा उनके प्रस्तावक अब 18 व 19 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी अथवा सहायक रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन प्रस्तुत कर सकेगें।

शासकीय अवकाश होने की वजह से 17 अप्रैल को नामांकन का सिलसिला बंद रहेगा। नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) 20 अप्रैल को होगी। 22 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इन सभी दिवसों में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक यह कार्यवाही संपादित होगी। मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान और 4 जून को मतगणना होगी।

# आयुष कौशल और जयंत यादव बने चैंपियन ऑफ चैंपियन



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- ग्वालियर।** जेवाय जिम्नेशियम आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें आयुष कौशल ने पुरुष वर्ग में एवं जयंत यादव ने जूनियर वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब जीता। जिसमें उन्हें कैश प्राइज ट्रॉफी एवं सप्लीमेंट उपहार के तौर पर दिए गए। आर्म रेसलिंग खेल में ग्वालियर विश्व स्तर पर अपनी पहचान रखता है। यहां से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निकल चुके हैं। आगामी प्रो. पंजा लीग सीजन-2 में 26 खिलाड़ी ग्वालियर से होंगे। संस्था के सचिव डॉ. आदित्य भदोरिया ने बताया कि ग्वालियर नित नई ऊंचाइयां छू रहा है तथा फिल्म स्टार सुनील शेट्टी एवं प्रीति झांगयानी जैसे बॉलीवुड फेम आर्म रेसलिंग के आकर्षण को और बढ़ा रहे हैं। इस मौके पर वर्ल्ड चैंपियन मनीष कुमार, मुंबई मसल्स के प्रख्यात खिलाड़ी जोगेंद्र यादव एवं राजेंद्र मुदगल उपस्थित थे।

# प्रथम चरण के लिये आज शाम 6 बजे से बंद होगा चुनाव प्रचार

**भोपाल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में मध्यप्रदेश के जिन 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होना है, वहां पर 17 अप्रैल की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बालाघाट के 3 विधानसभा क्षेत्रों बैहर, लांजी और परसवाड़ा में सुबह 7 से शाम 4 बजे तक ही मतदान होना है, अत~ इन क्षेत्रों में 17 अप्रैल को शाम 4 बजे से ही चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घण्टे से पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों को जो उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह क्षेत्र छोड़ना होता है।

# शिवराज सिंह की नामांकन रैली में पिछड़ा वर्ग के 10 हजार कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे : राजाराम शिवहरे



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- विदिशा।** 19 अप्रैल को विदिशा लोकसभा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की नामांकन रैली के समय पिछड़ा वर्ग मोर्चे के 1000 पदाधिकारीयों के साथ 10 हजार भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रदेश मंत्री नर्मदापुरम संभाग एवं विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी राजाराम शिवहरे ने विदिशा लोकसभा के सहप्रभारी रामकिशोर नंदवंशी, सुरेंद्र सिंह चौहान, हरि सिंह लोधी, प्रेम नारायण विश्वकर्मा, सत्यपाल कुशवाहा, नरेश यादव, अशोक चौकसे, सुश्री प्रीति चौरसिया शंकर जायसवाल,एवं सभी विधानसभा के प्रभारी एवं सहप्रभारियों के साथ-साथ विदिशा, रायसेन, सीहोर, देवास जिले के चारों जिला अध्यक्ष एवं सभी मण्डल के अध्यक्षों के साथ-साथ जिला पदाधिकारीयों सहित मंडल के एक हजार पदाधिकारियों से निवेदन किया है कि अपने साथ 10-10 कार्यकर्ता लेकर शिवराज सिंह चौहान की नामांकन रैली में सम्मिलित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करायें।

राजाराम शिवहरे ने कहा है कि शिवराज सिंह चौहान सर्वाधिक मतों से भारत में विजयी हो इस हेतु सभी जिला अध्यक्षों जिला पदाधिकारीयों मंडल अध्यक्ष मंडल पदाधिकारियों के द्वारा एक नीतिगत रणनीति बनाई जा रही है, ताकि समय पर सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नामांकन रैली में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर नामांकन रैली को सफल बनाएं। इसमें विदिशा के जिला अध्यक्ष निरपत सिंह कुशवाहा, रायसेन के जिला अध्यक्ष अजय जाट, सीहोर के जिला अध्यक्ष बनवीर चंद्रवंशी, देवास के जिला अध्यक्ष जुगनू गोस्वामी एवं मंडल अध्यक्ष सुनील पाल, कमला प्रसाद पटेल, शिवकुमार चौधरी, मुकेश भावसार, पुष्पेंद्र लोवंशी, केवल सिंह कीर, अशोक राठौर, टीकाराम पाल, ओमकार सिंह लोधी, राजेंद्र यादव, कालूराम विश्वकर्मा, निशांत साहू, रामसेवक पटेल, राजाराम लोधा, हरिनारायण लोधी, अजब सिंह, खुशबू चंद कुशवाहा, सुमित चौकसे, महेश गोस्वामी, नेतराम किरार, जितेंद्र यादव, प्रदीप कुशवाहा, राहुल यादव, बैनी कुशवाहा, तखत सिंह कुशवाहा, सुभाष पटेल, कैलाश प्रसाद कौर, राजेंद्र सिंह चौहान, पवन चंद्रफेरी, देवी सिंह बेड़ा, अरविंद मंडलोई, कमलेश मीणा, रामकृष्ण मीणा, महेश वर्मा, राहुल सांखला, संतोष राठौर, सुनील प्रजापति, कमल मीणा आदि सभी पदाधिकारी नामांकन रैली की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मैं. गुरूकृपा प्रकाशन प्रेस टीआईटी कॉम्पलैक्स मुरैना से मुद्रित एवं प्रकाशित, आरएनआई नं. MPHIN/2003/09780
संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, सहायक संपादक गोपाल सिकरवार 9826949508, महाप्रबंधक श्याम शिवहरे सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरैना न्यायालय होगा।